# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 90 | सीकर, शुक्रवार 29 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## टेंपो ट्रैवलर और ट्रक की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत, 13 घायल

निसं





**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में गुरुवार सुबह नागौर रोड स्थित चरकड़ा बाइपास के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक टेंपो ट्रैवलर (मिनी बस) और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 13 लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। टेम्पो ट्रैवलर में सवार सभी लोग नाथद्वारा, राजसमंद में श्रीनाथ मंदिर से दर्शन कर बीकानेर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 7 बजे नोखा थाना पुलिस को चरकड़ा बाइपास के पास एक्सीडेंट की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां नागौर की ओर से आ रही मिनी बस और बीकानेर की तरफ से जा रहे ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार यात्रियों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को नोखा के सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद बस चालक मोहम्मद आरिफ निवासी सरदारशहर, जयश्री पत्नी आशीष स्वामी निवासी बीकानेर तथा विष्णु स्वामी निवासी बीकानेर को मृत घोषित कर दिया। तीनों शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया जा रहा है। वहीं हादसे में घायल 13 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रैफर किया गया। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। बाद में दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि टेम्पो ट्रैवलर नाथद्वारा से बीकानेर की ओर जा रहा था। बीकानेर से नागौर की तरफजा रहे तेज रफ्तार ट्रक से चरकड़ा बाइपास के पास उसकी टक्कर हो गई। ट्रक इतनी तेज रफ्तार में था कि सड़क किनारे घर के बाहर खाट पर सो रहे 5-6 लोगों से करीब 60 फीट की दूरी पर जाकर रुका।

### जीजा-साली की मौत

तीन बहनें भारती, सोनू और जयश्री अपने पति और बच्चों के साथ 23 मई को घूमने निकली थी। परिवार माउंट आबू, हल्दीघाटी, सांवरिया सेठ और श्रीनाथजी के दर्शन कर बीकानेर लौट रहा था। जयश्री, विष्णु की साली थी। दोनों की हादसे में मौत हो गई। जयश्री का पति आशीष, विष्णु की पत्नी भारती, सोनू पत्नी बजरंग, कनुश्री पुत्री आशीष और कृतिका पुत्री बजरंग गंभीर घायल हैं। उनका बीकानेर के पीएमबी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। बाकी सभी घायलों हिमांशी, भारती, बजरंगलाल, मितांशु, जीविका, संतोष, मीनाक्षी और निधि को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। वहीं गंभीर घायल मयंक पुत्र बजरंग को कोठारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। आशीष बीकानेर के धरणीधर एरिया का निवासी है और प्राइवेट हॉस्पिटल में कंपाउंडर है। विष्णु सरदारशहर में मेडिकल शॉप चलाता था।

### ट्रक थोड़ा और आगे आता तो बड़ा हादसा हो जाता

टक्कर के बाद ट्रक सड़क से उतरकर करीब 30 फीट अंदर तक चला गया था। जिस घर के पास ट्रक रुका, वहां से करीब 30 फीट दूर किसान के पशु बंधे हुए थे। वहीं परिवार के 5-6 लोग ट्रक से लगभग 60 फीट की दूरी पर सो रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी कन्हैयालाल ने बताया कि रात में हम बाहर ही सो रहे थे। हमारे पशु भी बाहर बंधे हुए थे। अचानक ट्रक आकर रुका तो हमारी नींद खुली। ट्रक ने घर के चारों ओर लगी तारबंदी भी तोड़ दी। अगर ट्रक थोड़ा भी आगे बढ़ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। बाद में हमने ही शीशा तोड़कर टेम्पो ट्रैवल में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया।

# राजस्थान में भीषण गर्मी का कहर

## श्रीगंगानगर देश का तीसरा सबसे गर्म शहर; 11 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट



जयपुर।

राजस्थान में भीषण गर्मी और हीटवेव का असर लगातार बना हुआ है। श्रीगंगानगर 48.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश का तीसरा सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। प्रदेश के कई जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि रातें भी गर्म बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को जयपुर समेत 11 जिलों में आंधी और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है, लेकिन फिलहाल लोगों को तेज गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार कम हैं।

मौसम विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर में इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज हुआ। चूरू, बीकानेर, पिलानी और भीलवाड़ा में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। वहीं कोटा, फलोदी और हनुमानगढ़ में रात का तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। कोटा प्रदेश की सबसे गर्म रात वाला शहर रहा।

राजधानी जयपुर में लगातार दूसरे दिन तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा। यहां अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर गर्म हवाओं और उमस ने लोगों को परेशान किया। रेलवे स्टेशन समेत कई सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों के लिए टेंट, कूलर और ठंडे पानी की व्यवस्था करनी पड़ी।

सीकर में तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया। पिछले दिन हुई हल्की बारिश के बाद उमस और बढ़ गई। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आया और लोग सिर व चेहरा ढककर घरों से निकलते दिखे।

बीकानेर में हालात और ज्यादा कठिन रहे। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रही कारों के तापमान मीटर में पारा 49 डिग्री सेल्सियस तक दिखाई दिया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया। श्रीगंगानगर में गर्मी से राहत देने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने उत्तर-पूर्वी राजस्थान के लिए गर्मी का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर और टोंक जिलों में दोपहर बाद आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग का कहना है कि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 29 से 31 मई के बीच मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान कई जिलों में तेज धूलभरी आंधी, 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं और कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। इसके असर से तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है और महीने के अंत तक हीटवेव से आंशिक राहत मिलने के संकेत हैं।

## मायके की चौखट पर लौटी यादें, भावुक विदाई के साथ संपन्न हुआ बाईसा स्नेह मिलन

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सुलताना कस्बे में तीन दिन तक रिश्तों, परंपराओं और राजस्थानी संस्कृति का रंग बिखेरने के बाद जब दूर-दराज से आई बहन-बेटियों की विदाई हुई तो माहौल भावुक हो उठा। मालुपुरा रोड स्थित जमवाय माता गेस्ट हाउस में आगमन पर जहां गाजे-बाजे, पुष्पवर्षा और आत्मीय स्वागत से बहन.बेटियों का सम्मान किया गया, वहीं समापन पर उपहार और आशीर्वाद के साथ विदाई के दौरान कई आंखें नम नजर आईं, लेकिन रिश्तों की मिठास और अपनापन हर चेहरे पर साफ झलक रहा था। विदाई के समय बेटियों ने पौधारोपण कर विदाई ली। सुलताना संस्थापक हाथीराम जी के परिवार की ओर से आयोजित इस समारोह में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचीं करीब 300 विवाहित बहन-बेटियों को सम्मानपूर्वक उपहार देकर विदाई दी गई। समापन दिवस की शुरुआत देव दर्शन कार्यक्रम से हुई, जिसके तहत बहन-बेटियां वृंदावन धाम पहुंचीं और भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी ने बाबा पुरुषोत्तम की तपोस्थली पंच पेड़ पहुंचकर श्रद्धा भाव से पूजा की। समारोह के दौरान बहन-बेटियों ने बचपन की पुरानी यादों को फिर से जिया। वर्षों बाद मिले रिश्तों में अपनापन साफझलक रहा था। कई बेटियों ने अपने गांव और बचपन से जुड़े अनुभव साझा किए। वृंदावन धाम से वापस सुलताना पहुंचने के बाद पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों का सामूहिक भोज आयोजित किया गया, जिसमें दाल-बाटी-चूरमा सहित कई पारंपरिक पकवान परोसे गए। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बहनों और भोजाइयों ने राजस्थानी लोकगीतों पर जमकर नृत्य किया। घूमर और लोक संगीत की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सव और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम में पारिवारिक जुड़ाव, सामाजिक एकता और राजस्थानी संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिली। समारोह में बाड़मेर, करौली, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, जैसलमेर, राजसमंद, सिरोही, चूरू, नागौर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और सीकर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्यप्रदेश से आई बहन-बेटियों ने हिस्सा लिया। कई महिलाएं ऐसी भी थीं जो दशकों बाद अपने मायके पहुंचीं, जिससे यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि भावनाओं और रिश्तों का महोत्सव बन गया। समापन अवसर पर सभी बहन-बेटियों को सुलताना संस्थापक हाथीराम जी की तस्वीर और धार्मिक पुस्तकें और उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। विदाई के दौरान कई महिलाओं की आंखें नम नजर आईं। आयोजकों ने कहा कि बाईसा स्नेह मिलन समारोह का उद्देश्य समाज की बहन-बेटियों को एक मंच पर जोड़कर पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक एकता और राजस्थानी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

## कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का इस्तीफा

### बोले- आलाकमान ने जो कहा, मैंने किया



बेंगलुरु।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैंने पहले ही कहा था कि हाईकमान जब कहेगा, मैं इस्तीफा दे दूंगा। कल हाईकमान ने कहा और आज मैंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सचिव को इस्तीफा सौंपा है। गहलोत फिलहाल पारिवारिक कारणों से बेंगलुरु से बाहर हैं। इसके बाद डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है। शुक्रवार को विधायक दल की बैठक में इसका ऐलान किया जा सकता है। सिद्धारमैया का हटना रोटेशनल सीएम फॉर्मूला के तहत माना जा रहा है। इससे पहले सिद्धारमैया ने अपने घर पर मंत्रियों के साथ बैठक की और फैसले की जानकारी दी। बैठक के दौरान डीके शिवकुमार ने सिद्धारमैया के पैर छुए, जिसके बाद दोनों गले मिले।

## प्रगति की 51वीं बैठक में पीएम मोदी का फोकस विकास परियोजनाओं पर, अधिकारियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बुधवार को प्रगति की 51वीं बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें देशभर की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। यह बैठक 'सेवा तीर्थ' में आयोजित हुई। सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने 30,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इनमें रेलवे, बिजली और सड़क संपर्क से जुड़ी परियोजनाएं शामिल थीं, जो देश के नौ राज्यों में फैली हुई हैं।

## हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सखियों को रोजगार से जोड़ने के लिये मिलेट यूनिट का शुभारंभ

### सीएसआर के तहत राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के आस पास के क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर

निसं



**उदयपुर ( नवयत्न )।** हिन्दुस्तान जिंक राजपुरा दरीबा कॉम्पलेक्स के आस पास के क्षेत्र की सखी महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्धेश्य से मिलेट यूनिट का शुभारंभ किया गया। हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत् विभिन्न परियोजनाएं चलायी जा रही है जिनमें लघु उद्योगों को बढ़ावा देना प्रमुखता से है। विगत 5 वर्षो में दो महिला उद्योग स्थापित किये गये जिसमें महिलाएं उद्यमी बनकर उभरी है। अगस्त 2021 में स्थापित महिला-स्वामित्व और महिला-नेतृत्व वाला सामाजिक उद्यम, सखी उत्पादन समिति ग्रामीण राजस्थान की महिलाओं के जीवन में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम, सखी पहल से शुरू की गयी यह समिति, 25 हजार से अधिक महिलाओं को 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर सशक्त बना रही है। इसी के तहत् राजपुरा दरीबा क्षेत्र से जुडी सखी महिलाओं के लिए मिलेट यूनिट का शुभारंभ हिन्दुस्तान जिंक के स्वतंत्र निदेशक अनूप कुमार मित्तल और डॉ. अरुणा शर्मा ने किया। इस यूनिट की उत्पादन क्षमता 1250 किलोग्राम कुकीज प्रतिमाह है, इस यूनिट से 10 सखी महिलाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। यूनिट में मिलेट से बने उत्पाद फाइबर, प्रोटीन, आयरन और जरूरी खनिजों से भरपूर हैं, जो बेहतर पोषण और सेहतमंद खान-पान में सहायक हैं। यह पहल महिलाओं को सस्टेनेबल रोजगार देने और स्वयं की अलग पहचान बनाने में सहायक होगी। इससे न केवल महिलाएं आय अर्जित कर आत्मनिर्भर होगी बल्कि मिलेट यूनिट को ब्रांड के रूप में स्थापित करने में भी सक्षम होगी। जिंक ने सखी समूहों की आय सृजन को प्राथमिकता समझते हुए सखी के उत्पादों को बेचने के लिए स्थानिय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री और बाजार से जोडा है ताकि सखी महिलाओं के बने उत्पाद सीधे बाजार में पहुंचे। सखी उत्पादन समिति के तहत दो मुख्य ब्रांड हैं। दायची यह ब्रांड पारंपरिक तरीकों और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर तैयार किए गए शुद्ध और केमिकल.मुक्त खाद्य उत्पाद जैसे घी, अचार, कोल्ड-प्रेस्ड तेल, मसाले और नमकीन प्रदान करता है, जो सीधे किसानों से प्राप्त होते हैं।

दूसरा ब्रांड उपाया जिसमें पारंपरिक राजस्थानी हैंड-ब्लॉक प्रिंट और प्राकृतिक रंगों को समकालीन डिजाइनों के साथ मिलाकर आरामदायक, कार्यात्मक और किफायती परिधान बना, जाते हैं। डिजायनर कपड़े, बेग, होम डेकोर को आमजन द्वारा पंसद किया जा रहा है। सखी उत्पादन समिति ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर देने और उन्हें गरिमा के साथ कमाई करने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कई महिलाएं, जिन्होंने पहले कभी घर से बाहर काम नहीं किया था, अब अपने परिवारों और समुदायों में आदर्श बन गई हैं। वे अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से सामाजिक बाधाओं को तोड़ रही हैं और अन्य महिलाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। वर्तमान में, राजस्थान और उत्तराखंड में स्थित 14 उत्पादन इकाइयों जिनमें 8 कपड़ा और 6 खाद्य इकाइयाँ संचालित है एवं 200 से अधिक महिलाएँ कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, 100 से अधिक बिजनेस सखी ग्रामीण बिक्री एंबेसेडर के रूप में कार्यरत हैं, जो आस-पास के गाँवों और कस्बों में हस्तनिर्मित उत्पाद बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करती हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, इन बिजनेस सखियों ने सामूहिक रूप से 52 लाख की आय अर्जित की एवं सखी उत्पादन समिति ने 2.57 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो महिलाओं की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव दर्शाता है।

### बाजार तक सीधी पहुँच

2023 में, सखी उत्पादन समिति ने अपना पहला ऑनलाइन बाजार हाट्र्स विद फिंार्स लॉन्च किया, जो ग्रामीण महिलाओं और किसानों को सीधे उन ग्राहकों से जोड़ता है जो प्रामाणिक, हस्तनिर्मित उत्पाद पसंद करते हैं। यह प्लेटफॉर्म उद्यमों को व्यापक बाजारों तक पहुँचने में मदद करता है। पिछले साल, अमेजन पर दायची उत्पादों के लॉन्च के साथ बड़ी सफलता मिली। इससे उत्पादों की उपलब्धता बढ़ी और उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ गाय का घी गौयम को अमेजन्स चोइस बैज मिलाए जबकि आम का अचार बेस्टसेलर बन गया है। अब कुछ दायची उत्पाद सब्सक्रिप्शन पर भी उपलब्ध हैं। फ्लिपकार्ट, ओएनडीसी और जल्द ही वाट्सअपन, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सोशल कॉमर्स रोलआउट के साथ, सखी उत्पादन समिति ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए नए अवसर सृजित कर प्रामाणिक, हस्तनिर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचा रही है।

## कोबरी-सार



## शातिर चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालवाड़ थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक पुराने मामले का खुलासा करते हुए शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को तकनीकी निगरानी और मुखबिर की सूचना के आधार पर दबोचा। आरोपी से अन्य वाहन चोरी की वारदातों को लेकर भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक पुराने मामले का खुलासा करते हुए शातिर वाहन चोर फरमान उर्फराजा पुत्र नजाकत निवासी रशीद बिहारी कॉलोनी, दिल्ली बाईपास रोड, सडवा, थाना जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनसान और भीड़भाड़ वाले इलाकों में खड़े वाहनों की रैकी करता था। जैसे ही वाहन मालिक थोड़ी देर के लिए दूर जाता, आरोपी लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर फरार हो जाता था। पुलिस आरोपी से शहर में हुई अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी सुरेश सिंह ने बताया कि परिवादी रोहित राव ने वर्ष 2023 में कालवाड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार उसकी काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल रिद्धि-सिद्धि कॉलेज के पास स्थित सौर ऊर्जा शोरूम और शराब गोदाम के बीच खड़ी थी। वह कुछ देर के लिए सब्जी खरीदने गया और इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में कालवाड़ थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इसके बाद विशेष टीम गठित की गई। टीम में हेड कांस्टेबल दुर्गाप्रसाद, कांस्टेबल सुरेश कुमार और कांस्टेबल हीरालाल शामिल थे।

## घर में घुसकर रिटायर्ड कर्मचारी से लूट, विरोध करने पर चाकू से हमला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के झोटवाड़ा थाना इलाके में घर में घुसकर एक रिटायर्ड कर्मचारी से लूट की वारदात का मामला सामने आया है। नकाबपोश बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गया। विरोध करने पर बदमाश ने बुजुर्ग पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। हेड कांस्टेबल हेमंत कुमार ने बताया कि तारा नगर निवासी 79 वर्षीय बुजुर्ग, जो कॉपर मिल से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं,, सोमवार रात करीब 10 बजे अपने घर पर मौजूद थे। बिजली गुल होने के कारण घर का गेट खुला हुआ था। इसी दौरान एक नकाबपोश बदमाश घर में घुस आया और हमला कर बुजुर्ग के हाथ में मौजूद मोबाइल छीन लिया। मोबाइल छीनने के दौरान बुजुर्ग ने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया, जिस पर दोनों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। खुद को छुड़ाने के लिए बदमाश ने चाकू से बुजुर्ग के हाथ पर वार कर दिया और मौके से भाग निकला। पीड़ित के शोर मचाने पर बदमाश बाहर खड़े अपने बाइक सवार साथी के साथ फरार हो गया। घटना के बाद बुजुर्ग ने परिचितों को बुलाकर प्राथमिक उपचार करवाया और झोटवाड़ा थाने में लूट का मामला दर्ज कराया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 6.22 ग्राम अवैध स्मैक जब्त कर आरोपी गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा से मिली जानकारी के अनुसार ठरडा से चौधरी होटल की तरफ जाने वाली रोड पर 6.22 ग्राम अवैध स्मैक के साथ आरोपी यश जैन पुत्र स्व धर्मचन्द, निवासी नया महेश्वरी सेवा सदन के पिछे, सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है, जिसकी जांच सदर थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया कर रहे हैं।

## कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया जायेगा। शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने बताया कि सुबह 10 बज कार्यकर्ता गणेश मंदिर पर जुटेंगे और बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल की चढ़ती कीमतों के खिलाफ रैली निकालकर प्रदर्शन किया जायेगा।

## नवनियुक्त एसडीएम का किया स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार का स्थानांतरण कोटड़ा उदयपुर होने के उपलक्ष्य में उपखण्ड कार्यालय तारानगर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर निजी सहायक कमल सैनी ने बताया कि एसडीएम राजेंद्र कुमार के कार्यकाल में उपखण्ड क्षेत्र में सुदृढ़ कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से किये गये। इसके अलावा एसआईआर में अच्छा और समय पर कार्य करवाकर उपखंड क्षेत्र तारानगर को जिले में प्रथम वरीयता पर रखा। इनका कार्यकाल तारानगर की जनता के लिए शौगात साबित हुआ। इसके साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारयों ने राजेंद्र कुमार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। तथा इसी मौके पर तारानगर उपखण्ड में नवनियुक्त उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्लॉक स्तरीयअधिकारी गण एवं कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहें।

## ठड्डेवाले बालाजी मंदिर में लगाया वाटर कूलर

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ स्थित ठड्डेवाले बालाजी मंदिर में वाटर कूलर लगाया गया। लायंस क्लब झुंझुनू एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संतरा देवी एवं गोगराज बागडोदिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों जुगल किशोर बागडोदिया, दिनेश बागडोदिया एवं पवन कुमार बागडोदिया ने वाटर कूलर लगाया गया है। थानाधिकारी ताराचंद यादव, मुरारीलाल सिंघानिया, सेवानिवृत्त शिक्षक रामकुमार डोटासरा, पंडित सुभाष शर्मा ने फीता काटकर वाटर कूलर का लोकार्पण किया। बागडोदिया परिवार सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगातार सक्रिय सहयोग देते रहे हैं।



# ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा क्षेत्र में गुरुवार को ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक आस्था, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों में सुबह से ही खासा उत्साह देखा गया। शहर की विभिन्न मस्जिदों में लोगों ने नए परिधानों में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की और देश-प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली तथा भाईचारे की दुआ मांगी। मक्का मस्जिद में सुबह 7:45 बजे मौलाना जामेद आलम ने ईद-उल-अजहा की नमाज अता कराई। जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे मौलाना अब्दुल सत्तार की अगुवाई में नमाज अता की गई।

### एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों के बाहर दिनभर रौनक बनी रही और बच्चों तथा युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ईद के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने कुर्बानी की परंपरा का निर्वहन करते हुए इंसानियत, त्याग और सेवा का संदेश दिया। शहर में जगह-जगह लोगों ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों से मुलाकात कर त्योहार की खुशियां साझा की।

### ये रहे मौजूद

**इस अवसर पर सदर जाकिर हुसैन, सदर अजीज सिक्का, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मेहताब मोर पठान, हसन खान कायमखानी, बाकीर अली चुनघर, हाजी गुलाम रसूल, रिंकू सामेजा, संजू फताणी, महबूब छीपा, दिलावर साईं और मोहम्मद अली बागवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। ईद के अवसर पर मंगनाराम केडली, रामचंद्र नाई भी मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने पहुंचे। उन्होंने आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। पूरे शहर में ईद को लेकर उल्लास और सामाजिक सौहार्द का माहौल देखा गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।**



# अमन चैन की दुआ के साथ मनाया ईद उल अजहा का पर्व

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कस्बे की ईदगाह में सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के भाइयों ने ईद उलजुहा की नमाज अदा की। इस दौरान दर्जनों हिंदू भाई भी ईदगाह पहुंचे, जहां उन्होंने सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी। इमाम मौहम्मद आरिफ ने बताया कि आज देशभर में ईदउल अजहा की नमाज अदा की गई है। इसी के साथ अमन चैन शांति की देश में दुआ मांगी गई है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आपसी भाईचारे की भावना को खत्म करने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगों की पहचान कर हमे अपने भाईचारे को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने के लिए सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि मुसलमान का काम नेकी करना और भाईचारे के साथ रहना है। हमें दूसरों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। एक मुसलमान को अपने धर्म की तालीम पर चलना चाहिए। मुस्लिम समाज के घरों में ईद का बेसब्री से इंतजार शुरू हो जाता है। यह पूरा समय खुदा की इबादत में बीतता है। ईद के त्योहार को लेकर सप्ताह भर पहले ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। सोमवार को ईद के मौके पर मुस्लिम घरों में खुशियों की बहार आई हुई थी। घरों में नाते-रिश्तेदारों को दावतें देने की तैयारियां चलती रही।



इससे पूर्व थानाधिकारी सुगन सिंह ने कस्बे में समय-समय पर शांति समिति की बैठक व सीएलजी की बैठक बुलाकर सभी धर्म के लोगों से ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की थी। जिसके तहत आज कस्बे में शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्यौहार मनाया गया है। कस्बे के मुख्य मार्गों व चौराहों सहित बबाई, पपुरना, गोठड़ा सहित अन्य स्थानों पर पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है। इस दौरान कस्बे के अलावा बबाई, पपुरना, सिंघाना, खेतड़ी नगर, मेहाड़ा सहित अन्य स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर पार्षद लीलाधर सैनी, पंकज शास्त्री, मोहम्मद रफी, सलमान, रजाक खान, नूर मोहम्मद, आजाद अहमद, जुमरदीनए शाहरुख खान, इसफाक खान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## हर्षोल्लास से मनाया ईद उल अजहा पर्व



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में गुरुवार को ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया स शाकंभरी गेट के पास स्थित ईदगाह में गुरुवार को शहर काजी गुलाम रसूल द्वारा ईद की नमाज अदा करवाई गई स मुस्लिम भाइयों ने दिन भर एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ईद उल अजहा के मौके पर कस्बे में दिन भर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा एक दूसरे लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई स ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारक बाद देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी एबलराम सैनी, मोहन सैनी, राकेश जमालपुरिया, एडवोकेट श्रवन सैनी, राधेश्याम रचेता कई लोग मौजूद रहे, इस मौके पर अकरम मुगल युवा नेता विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल कमेटी उदयपुरवाटी, मुर्तजा काजी, इकरामुद्दीन मुगल, माहिर खान, साजिद, इमरान एआसिफ, मुस्ताक, कुर्बान, जमील कुरैशी, बाशिर तेली, अनवर अली, अब्दुल रजाक, अब्दुल अजीज कच्छावा एअमित कच्छावा, रफीक तेली एरफीक मनियार, बाबू लोहार, जमील एआरिफ, आजम, शौकत आगवान, सहित मुस्लिम समुदाय के कई लोग मौजूद रहे।

## ईद-उल-अजहा पर्व मनाया



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिले में ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की पुरानी मरकजी ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने एकत्रित होकर ईद की नमाज अदा की। शहर ईमाम अनवार कादरी ने नमाज अदा करवाते हुए अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं रतनगढ़ की नई ईदगाह मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज मुख्य शहर काजी रज़ा मुराद अलवी एडवोकेट ने अदा करवाई। देश में अमन-चैन, खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर विधायक पुसाराम गोदारा, रफीक मंडेलिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, कयूम गौरी, चरण सिंह कोका, अबजाल काजी, शरीफ छींपा, बबलू काजी, तस्लीम, बाबू काजी, उस्मान मणियार, महबूब सिक्का, मोईनुद्दीन खां, खालिद पठान, मुराद अली, सलामत, रज़ा अली, जावेद भाटी, मुबारिक नागरा, ईदू चैजारा, ईसाक बिसायती, रोशन अली, जाकीर हुसैन, कालू चौधरी, मो. एजाज, अफज़ल काजी, सदाम लीलगर, सफीक, छोटू मिरासी, अयूब अली, कपील मिरासी, सदाम अलवी आदि सैकड़ों मुस्लिम भाई मौजूद थे।

## ईद-उल-अजहा पर खुदा की बारगाह में झुके सैकड़ों सिर

### अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआएं



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। दांता स्थित ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। नमाज के दौरान प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं हिंदू समाज के लोगों ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं देकर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की। ईद के अवसर पर दांता सहित रामगढ़, खाचरियावास, पचार, मंढ़ा सुरेरा और डांसरोली की मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने देश और प्रदेश की खुशहाली तथा शांति के लिए दुआएं मांगी। पूरे क्षेत्र में ईद पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा लोगों ने प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।

## हर्षोल्लास से मनाया ईदुलजुहा पर्व

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर क्षेत्र में ईदुलजुहा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में सुबह मुस्लिम समाज के लोगों ने मुख्य ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अता कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों की कब्र पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें याद किया। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद के मुबारकबाद दी। जनप्रतिनिधियों ने भी कब्रिस्तान में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। धीरवास बड़ा गांव में पुरानी कब्रिस्तान में मौलवी सलीम मेवाती ने ईद की नमाज अता करवाई। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अता कर देश में अमन चैन में भाईचारे की दुआ की।

इस मौके पर समाजसेवी मोहम्मद सलीम, राजवीर सहारण, जयंतगिरी महाराज, बीट कांस्टेबल जगदीश, सुल्तान खान, मोहम्मद हसन, मोहम्मद आमीन, चिरागदीन, नवाबदीन उमरदीन आदि अनेक लोग मौजूद थे। विधायक नरेंद्र बुडानिया ने धीरवास गांव पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा ईद का पर्व आपसी सौहार्द व भाईचारे का पर्व है हमें देश में आपसी प्रेम व भाईचारे से रहना चाहिए।



## ईद की नमाज में की मुल्क में भाईचारे की दुआ



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाडनूं बस स्टैण्ड स्थित ईदगाह मस्जिद में शहर काजी हाफिज मो. अकरम रिजवी ने ईद की नमाज अदा करवाई।

नमाज के बाद उपस्थित जनों ने देश और दुनिया में अमन चैन, भाईचारे की दुआ की। इसके बाद सभी ने आपस में गले लग कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर पूर्व पार्षद सिराज खान ने सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की।

पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, भाजपा नेता गणेश मंडावरिया, पूर्व पार्षद सिराज खान, साबिर अली, नूर मोहम्मद पहाडियान, निवर्तमान पार्षद इकबाल खान, एड रामकुमार मेघवाल, बशीर खान फौजी, प्रलेख लेखक रोशन, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पूर्व उप सभापति अमित मारोठिया, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक, साबिर अली चौहान, केशरसिंह राजियासर, हंसराज तंवर, कन्हैयालाल माली, समीर खान खोखर ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर पुलिस की ओर सुरक्षा.व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम दिखे।

## मौसम ने ली करवट, धूलभरी आंधी से बदला मौसम का मिजाज

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में गुरुवार को दिनभर भीषण गर्मी का प्रकोप बना रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा तथा लोग घरों में दुबके नजर आए। दोपहर के समय तापमान और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज अंधड़ के साथ धूलभरी आंधी चलने लगी। देखते ही देखते आसमान में मिट्टी का गुब्बारा छा गया और चारों ओर अंधेरा जैसा माहौल बन गया। तेज हवा के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा तथा कई जगहों पर धूल उड़ने से आवाजाही प्रभावित रही। अचानक बदले मौसम के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।



# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 1 जून से

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पावन अधिक मास के अवसर पर अपना घर आश्रम में 1 से 7 जून तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रभुजी के उत्तम स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना को समर्पित रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिक मास में किए गए जप, तप, दान, कथा एवं भक्ति का विशेष महत्व माना गया है। शास्त्रों में वर्णित है कि यदि कोई प्रभुजन श्रद्धा भाव से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर ले, तो उसका आध्यात्मिक कल्याण एवं उद्धार होने का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी पावन भावना के साथ आश्रम परिवार द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। कथा का रसपान एवं अमृतमयी वाचन प्रसिद्ध कथावाचक रामस्नेही संत माधव दास महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सेवा, करुणा एवं मानवता का संदेश प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के सचिव सतीश झंवर ने बताया कि यह आयोजन सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रभुजनों के मानसिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम भी बनेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे गट्टानी स्कूल के पास से श्रद्धालुओं के लिए बस सुविधा उपलब्ध रहेगी। कोई भी श्रद्धालु इस बस के माध्यम से कथा स्थल तक पहुंच सकता है। साथ ही कथा आयोजन हेतु विशेष हेल्पलाइन नंबर 8690928738 जारी किया गया है, जिस पर संपर्क कर श्रद्धालु कथा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कथा आयोजन की सबसे विशेष एवं भावुक बात यह होगी कि अपना घर आश्रम के सभी 600 प्रभुजन सामूहिक रूप से कथा का श्रवण करेंगे। आश्रम परिवार का मानना है कि श्रीमद्भागवत कथा का यह दिव्य श्रवण प्रभुजनों के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा, मानसिक शांति एवं सकारात्मक परिवर्तन का संचार करेगा। आश्रम परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से कथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने तथा प्रभुजी के उत्तम स्वास्थ्य हेतु प्रार्थना करने का आग्रह किया है। इस प्रकार यह आयोजन सेवा, भक्ति, श्रद्धा एवं मानवता का अद्भुत संगम बनकर समाज में आध्यात्मिक चेतना का संदेश देगा।

## युवती से गैंगरेप करने वाले गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में सीकर रोड क्षेत्र में 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल तीन आरोपितों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराने और जेल में शिनाख्त परेड कराने की तैयारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि घटना 23 मई की है। 20 वर्षीय युवती अपने एक परिचित युवक के साथ मंदिर दर्शन के लिए गई थी। दर्शन के बाद दोनों पहाड़ी क्षेत्र में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान वहां पहुंचे तीन युवकों ने दोनों को घेर लिया। आरोपितों ने मोबाइल से वीडियो बनाने की बात कहकर उन्हें धमकाया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि तीनों आरोपितों ने युवती के परिचित युवक के साथ मारपीट की और उसके हाथ-पैर बांधकर बंधक बना लिया। इसके बाद युवती को सुनसान जगह पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म कर जंगल क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर शाम को घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। प्रारंभ में युवती ने बदनामी के डर से रिपोर्ट दर्ज कराने से इनकार कर दिया था लेकिन पुलिस की समझाइश और पहचान गोपनीय रखने के आश्वासन के बाद 24 मई को मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू की। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमें गठित कर जांच शुरू की और संदिग्धों की पहचान कर तीनों आरोपितों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अब पीड़िता के धारा 164 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराए जाएंगे, जिसके बाद जेल में शिनाख्त परेड कराई जाएगी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के मोबाइल फोन से अन्य महिलाओं के भी संदिग्ध वीडियो मिले हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि आरोपित पहले भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क और आरोपितों के आपराधिक रिकॉर्ड की गहन जांच में जुटी हुई है।

## वेतन विवाद के बाद रेस्टोरेंट कर्मचारी की संदिग्ध मौत

### परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट कर्मचारी की संदिग्ध मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। मृतक के परिजनों ने रेस्टोरेंट मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। वहीं पुलिस मामले को आत्महत्या के लिए उकसाने से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मामला प्रताप नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित टू पल रेस्टोरेंट का है। मृतक की पहचान प्रेम सिंह निवासी नांगल शेरपुर बालाघाट जिला करौली के रूप में हुई है। जो जयपुर में रेस्टोरेंट में खाना बनाने का काम करता था। उसके पिता बाबूलाल योगी और मां पुष्पा हैं। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात करीब 9:36 बजे प्रेम सिंह ने फोन कर बताया था कि रेस्टोरेंट मालिक जितेंद्र सिंह ने उसके साथ मारपीट की है और करीब 20 हजार रुपए वेतन भी नहीं दे रहा है। परिवार का आरोप है कि विवाद के दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। बाद में रेस्टोरेंट मालिक ने वेतन देने का आश्वासन देकर उसे वापस बुला लिया। बुधवार की शाम को पुलिस ने परिजनों को सूचना दी कि प्रेम सिंह ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। इसके बाद शव को आरयूएचएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और रिश्तेदार प्रताप नगर थाने पहुंच गए और देर रात तक धरना-प्रदर्शन किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रेम सिंह की हत्या कर मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक शव नहीं लिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में वेतन विवाद को लेकर कहासुनी और तनाव की बात सामने आई है।

फिलहाल आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थिति को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। घटना के बाद रेस्टोरेंट कर्मचारियों की सुरक्षा, वेतन विवाद और कार्यस्थल पर व्यवहार को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रेम सिंह हाल ही में रोजगार के लिए जयपुर आया था और परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा था।

# ईद-उल-अजहा पर की अमन-भाईचारे की दुआ

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की उठी मांग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में गुरुवार को मुस्लिम समाज ने ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। जयपुर के दिल्ली बाईपास स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर देश-प्रदेश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में नमाज के दौरान विद्वानों ने कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने का संदेश दिया। जयपुर शहर के मुफ्ती मोहम्मद जाकिर नोमानी ने लोगों से कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई गतिविधि नहीं होनी चाहिए, जिससे शाकाहारी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। कुर्बानी घरों के अंदर या निर्धारित स्थानों पर की जाए तथा उससे जुड़ी गंदगी सार्वजनिक स्थानों पर नहीं फैलनी चाहिए। उन्होंने लोगों से कुर्बानी के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करने की भी अपील की। इस दौरान राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी और राजस्थान मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले मुस्लिम समाज के लोगों ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और गोवंश संरक्षण के लिए पूरे देश में एक समान सख्त कानून लागू करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव हाजी शेख निजामुद्दीन ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि गोसंरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाना चाहिए और इस मुद्दे पर राजनीति समाप्त होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक मूल्यों का महत्वपूर्ण प्रतीक है, इसलिए गोवंश को पूर्ण सुरक्षा मिलनी चाहिए। चीफ काजी खालीद उस्मानी ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए सख्त कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मुस्लिम समाज की ओर से चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत अब तक 160 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर धार्मिक नफरत फैलाने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक रफीक खान ने ईदगाह के



विकास कार्यों के लिए स्वीकृत 10 करोड़ 80 लाख रुपए की राशि जारी नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बजट रुकने के कारण ईदगाह के विकास कार्य अधूरे पड़े हैं और नमाजियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ईदगाह परिसर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस का कड़ा बंदोबस्त रहा।

# भारतीय सेना में चयनित केकेसी के विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** केकेसी पीजी महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के 12 कैडेट्स का भारतीय सेना में चयन होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय प्रांगण में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कमान अधिकारी प्रदीप दहिया, 2 राज बटालियन एनसीसी चूरू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सूबेदार मोंटू कुमार एवं हवलदार कैलाश की विशेष उपस्थिति रही। संस्था निदेशक डॉ. किशोर सिंह राठौड़, लेफ्टिनेंट वीरेंद्र सिंह राठौड़ एवं महाविद्यालय स्टाफ ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ. किशोर सिंह राठौड़ ने कहा कि केकेसी महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं संस्कारों के लिए प्रेरित करता रहा है। भारतीय सेना में चयनित ये विद्यार्थी महाविद्यालय ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन के बल पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए। मुख्य अतिथि एवं संस्था द्वारा भारतीय सेना में चयनित दिनेश भाम्भू नोहर, श्यामसुंदर बिस्सू लाछड़सर, सूर्यप्रकाश शर्मा सरदारशहर, अशोक गोदारा राजलवाड़ा, विकास नाई बुचावास, शेर सिंह राठौड़ देगा, मनीष दान चारण सरदारशहर, सुमेर सिंह शेखावत खंडवा, सुनील कुड़ी अडमालसर, नरेश कुमार नोखा एवं आजाद सिंह राठौड़ आसूसर का माल्यार्पण एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सीओ कर्नल प्रदीप दहिया ने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना केवल एक नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं देशभक्ति की भावना विकसित करती है। उन्होंने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने कार्य एवं आचरण से क्षेत्र एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करें। लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी जगदीश ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक आचार्य तथा स्टाफ उपस्थित रहे।




## एआई और हनी ट्रैप के जरिए बिजनेसमैन से 90 लाख की ब्लैकमेलिंग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में एक बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फंसाकर करोड़ों की ब्लैकमेलिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महेश नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित युवती को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित युवती पर बिजनेसमैन को झूठे प्रेमजाल और एआई तकनीक से तैयार किए गए आपत्तिजनक फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर 90 लाख रुपए ऐंठने का आरोप है। पुलिस अब मामले में शामिल अन्य लोगों और संभावित गिरोह की जांच में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज के निर्देशन में महेश नगर थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि गिरफ्तार युवती जोधपुर निवासी है, जिसे उसके घर पर दबिश देकर हिरासत में लिया गया और जयपुर लाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। पीड़ित 42 वर्षीय बिजनेसमैन ने जुलाई 2025 में महेश नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वर्ष 2017 में आरोपित युवती उसकी कंपनी में समर इंटर्न के रूप में जुड़ी थी। बाद में उसने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क बढ़ाया और फिर उसकी पत्नी से दोस्ती कर घर में आना-जाना शुरू कर दिया। आरोप है कि इसके बाद युवती ने बिजनेसमैन को प्रेमजाल में फंसाकर अलग-अलग तरीकों से 90 लाख रुपए वसूल लिए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपित युवती की नजर उसके एआई प्रोजेक्ट पर थी। इसी प्रोजेक्ट पर कब्जा करने के लिए उसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए आपत्तिजनक फोटो और डीपफेक वीडियो तैयार किए। इन फोटो-वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रकम वसूली गई। रिपोर्ट के अनुसार 90 लाख रुपए लेने के बाद भी आरोपित युवती और उसके साथियों ने 50 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी। रुपए नहीं देने पर बदनाम करने और रेप केस में फंसाने की धमकी दी गई। इससे परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस के अनुसार यह एक संगठित ब्लैकमेलिंग गिरोह हो सकता है, जिसमें कई अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस अब आरोपित युवती से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही पुलिस इस मामले में एआई तकनीक और डीपफेक सामग्री के इस्तेमाल की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अन्य लोगों को भी इसी तरह ब्लैकमेल किया है या नहीं।

## वंदे गंगा जल अभियान : सरोवर पूजन व दीपदान किया




श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस राजस्थान सरकार द्वारा संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत बुधवार रात प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने खंडेला विधायक सुभाष मिल के साथ रींगस के भेरूजी मंदिर जोहड़ी में सरोवर पूजन व दीपदान किया तथा महाआरती में सहभागिता की। इस दौरान रींगस स्थित भेरूजी मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। भैरू बाबा मंदिर कमेटी के पदाधिकारी अध्यक्ष सुवालाल मामराज विनोद गोपाल सरवन महावीर शंकर गुर्जर ने मंत्री शर्मा व विधायक सुभाष मील का साफा श्री फल वह माला पहनकर स्वागत किया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर उपस्थितजनों से राजस्थान को जल समृद्ध राज्य बनाने हेतु जल संरक्षण, जल संचयन और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता विष्णु चुलेट पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल दांतारामगढ़ भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत अमित शर्मा ओम प्रकाश शर्मा विष्णु गंगावत कुशाल सिंह ओम प्रकाश कोरखनया रिछपाल बाजिया विजेंद्र मील महेंद्र बधाला धर्मेंद्र बिजानिया रणजीत कुमावत सावित्री देवी सुनीता देवी सहित जनप्रतिनिधिगण, मातृशक्ति व क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## राजस्थान हाईकोर्ट में समर वेकेशन शुरू, 29 जून तक नियमित सुनवाई रहेगी बंद

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान हाईकोर्ट में बुधवार से समर वेकेशन की शुरुआत हो गई। इसके साथ ही हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जोधपुर और जयपुर बेंच में अब करीब 32 दिनों तक नियमित सुनवाई नहीं होगी। समर वेकेशन के बाद हाईकोर्ट 29 जून से दोबारा नियमित रूप से खुलेगा। हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार 1 जून से 28 जून तक समर वेकेशन घोषित किया गया है। वहीं 28 मई को बकरा ईद का अवकाश, 30 और 31 मई को शनिवार-रविवार तथा 29 मई को घोषित अवकाश होने के कारण बुधवार से ही छुट्टियों का क्रम शुरू माना जा रहा है। समर वेकेशन के दौरान केवल अर्जेंट नेचर के मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिए हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से विशेष वेकेशन बेंचों का गठन किया गया है। अधिसूचना के अनुसार मुख्य पीठ जोधपुर में एक सिंगल बेंच और एक डिवीजन बेंच जरूरी मामलों की सुनवाई करेगी। वहीं जयपुर बेंच में दो सिंगल बेंच और एक डिवीजन बेंच गठित की गई है जो अवकाश अवधि में अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी।

## एडवांस कोर्स में सीखी स्काउट गाइड संगठन की विभिन्न स्किल

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में स्टेट एडवेंचर एवं ट्रेनिंग सेंटर माउंट आबू में सात दिवसीय कब स्काउट यूनिट लीडर एडवांस कोर्स एवं रोवर लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन किया गया, जिसमें झुंझुनू जिले से 10 यूनिट लीडर्स ने सहभागिता कर जिले का नाम रोशन किया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि कब यूनिट लीटर एडवांस कोर्स में जिले के नवलगढ़ के टोंक छिल्लरी से अमन कुमार, बुहाना ब्लॉक के साहिल मीणा, रोवर लीडर बेसिक कोर्स में नवलगढ़ के गणेश कुमार तथा स्काउट यूनिट लीडर एडवांस कोर्स में झुंझुनू से राजेश कुमार, अलसीसर से सुरेंद्र कुमार शर्मा, पिलानी से सुप्रितम सेनगुप्ता, उदयपुरवाटी से महेंद्र कुमार सैनी, चिड़ावा से कुलदीप, नवलगढ़ से महेश सैनी एवं बलबीर दूत ने एडवांस कोर्स के पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण किया। माउंट आबू से यूनिट लीडर्स के झुंझुनू पहुंचने पर सी ओ स्काउट महेश कालावत के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारियों की शुभकामनाएं दी इन 10 यूनिट लीडर्स के एडवांस कोर्स योग्यता अर्जित करने पर जिले में राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने वाले स्काउट की संख्या में बढ़ोतरी होगी और विद्यालय को अच्छे ट्रेनर मिल सकेंगे। राज्य स्तर पर कब मास्टर एडवांस कोर्स का संचालन नवलगढ़ के लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने किया। शिविर में स्काउट गाइड के एडवांसमेंट स्केल के साथ-साथ नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, सिंह सेल्यूट लोकगीत पायनियरिंग प्रोजेक्ट, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, दिशा ज्ञान, कंपास, मानचित्र जैसे विभिन्न विषयों का गहनता से प्रशिक्षण दिया गया।





## ईद अल अजहा पर्व मनाया

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुन्दगढ़ में ईद अल अजहा का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों में मुस्लमान भाईयों ने नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। ईद की नमाज के बाद मुस्लमान भाईयों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारबाद दी। इस मौके पर आरिफ भाटी, हाजी मो नजीर भाटी, ओपी बिर्खा, मुस्लिम भाटी, सोकत खत्री, इब्राहिम कुरैशी, इकबाल खोखर, गुलाम नब्बी, अकरम भाटी, शाहबाज भाटी, सलीम लीलगार, अय्यूब खोकर, अनीश भाटी, रशीद शैख, हमीद शैख, जाकिर चोपदार, आजम कुरैशी, बाबू अली भाटी, सद्दाम भाटी साकिर चोपदार, इमरान खत्री सहित बडी संख्या में मुस्लमान भाईयों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

## युवक का गला कटा शव मिला

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस कस्बे के खाटू मोड़ स्थित आरओबी पुलिया पर एक युवक का गला कटा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिया पर करीब 42 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला, जिसका गला कटा हुआ था। शव के पास ही एक खंजर चाकू भी बरामद हुआ है। मृतक ने भगवा कपड़े पहन रखे थे प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। मृतक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने पर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटना की सूचना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीकर एफएसएल व एम ओबी टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य और सैंपल जुटाए। सव को रींगस उप जिला अस्पताल की मोचरी में रखवा दिया गया है पुलिस मृतक की पहचान करने में लगी हुई है।



## सम्पादकीय

# एसआईआर पर मुहर



अंततः सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की चुनाव आयोग की प्रक्रिया को न केवल वैध करार दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उन विपक्षी नेताओं के लिए एक बड़ा झटका है, जो यह दुष्प्रचार करने में लगे हुए थे कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर एसआइआर के नाम पर मनमानी करने में लगा हुआ है। इस आदेश ने यह स्पष्ट किया कि झूठ के पैर नहीं होते और दुष्प्रचार के जरिये किसी वैध प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। इस पर हैरानी नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से असहमत लोग निराशा व्यक्त कर रहे हैं। यह उनकी कुंठा के अतिरिक्त और कुछ नहीं, क्योंकि निष्पक्ष चुनावों की पहली शर्त ही यह है कि वैध मतदाता ही वोट डालें। कोई व्यक्ति वैध मतदाता है या नहीं, इसके निर्धारण के लिए आवश्यक छानबीन करना चुनाव आयोग का अधिकार है। यह विचित्र है कि कुछ विपक्षी दल चुनाव आयोग के इसी अधिकार को चुनौती देने के लिए ऐसे मनगढ़ंत आरोप लगा रहे थे कि आयोग एसआइआर के बहाने उनके समर्थकों के वोट काटने का काम कर रहा है। ऐसे आरोप लगाने वालों ने यह स्पष्ट करने की जहमत कभी नहीं उठाई कि आखिर उन्हें कैसे पता चला कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, वे उनके वोटर हैं?

बिहार में एसआइआर के दौरान जब करीब 65 लाख ऐसे नाम मतदाता सूची से हटाए गए, जो अन्यत्र बस गए थे या फिर जिनकी मृत्यु हो गई थी अथवा जिनके नाम दो जगह दर्ज थे तो यह शोर मचाया गया कि वैध मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है, पर यह शोर मचाने वाले ऐसे 65 लोगों को भी नहीं जुटा सके। बिहार विधानसभा चुनावों में एसआइआर के कोई मुद्दा न बन पाने के बाद विपक्षी दलों और खासकर वोट चोरी का जुमला उछाल रही कांग्रेस को यह समझ आ जाना चाहिए था कि वह हारी हुई लड़ाई लड़ रही है, लेकिन न उसने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ी और न ही अन्य विपक्षी दलों ने।

विपक्षी दलों को इस पर खासी आपत्ति थी कि एसआइआर के तहत लोगों की नागरिकता की परख की जा रही है, जबकि चुनाव आयोग को ऐसा करने का अधिकार ही नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि चुनाव आयोग किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के क्रम में उसकी नागरिकता की जांच कर सकता है। आखिर इससे ही तो तय होगा कि वह भारत का वैध नागरिक है या नहीं? चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की नागरिकता संबंधी जांच अंतिम फैसला नहीं मानी जाएगी, इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि केंद्र सरकार लोगों की नागरिकता जांचने के लिए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी तैयार करने की दिशा में आगे बढ़े।

## विशेष आलेख

### दुर्लभ खनिजों की नई वैश्विक जंग

# भारत-अमेरिका समझौते के पीछे छिपा असली रणनीतिक खेल

भारत और अमेरिका ने जरूरी खनिजों एवं दुर्लभ धातुओं की आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए अहम समझौते किए हैं, जिसमें उनका खनन और प्रसंस्करण भी शामिल है। इन समझौतों पर बीते मंगलवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका में उनके समकक्ष मार्को रूबियो ने हस्ताक्षर किए। रूबियो चार दिन की भारत यात्रा पर थे। उनकी इस यात्रा के आखिरी दिन 'क्वाड' (जिसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं) के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने उसी दिन अलग से क्वाड देशों के बीच जरूरी खनिजों की आपूर्ति को लेकर एक रूपरेखा की घोषणा की। इसके साथ भारत के दुर्लभ एवं जरूरी खनिजों के भंडार के बारे में भी जानकारी साझा की गई। भारत-अमेरिका के बीच यह समझौता अहम हो सकता है, लेकिन इसमें परस्पर हितों का ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी है।

एक कामयाब यात्रा का सेहरा बांध कर अमेरिका के विदेश मंत्री अपने वतन लौटे हैं। इस तरह अमेरिका ने क्वाड देशों के साथ चर्चा कर अपने लिए दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। यह बेहद महत्त्वपूर्ण है, लेकिन कई दृष्टि से विचारणीय भी है। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी दस्तावेज में कहा गया कि क्वाड देशों की सरकारें और निजी कंपनियां इस पहल के लिए ऋण गारंटी, सब्सिडी और दीर्घकालिक खरीद समझौतों का उपयोग करते हुए बीस अरब डॉलर जुटाने का इरादा रखती हैं। इन देशों का उद्देश्य इस धन को खनन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण परियोजनाओं में लगाना है, ताकि महत्त्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति पर उनकी निर्भरता कम हो सके।

**'दुर्लभ खनिज' क्या हैं और वे इतने महत्त्वपूर्ण क्यों हैं?**–'दुर्लभ खनिज' क्या हैं और वे इतने महत्त्वपूर्ण क्यों हैं? इसका जवाब है कि ये ऐसे गैर-ईंधन खनिज हैं, जिनका उपयोग बैटरी, घड़ियां, वायरिंग, सैन्य हार्डवेयर, सेमीकंडक्टर और अन्य तकनीकी उत्पाद बनाने के लिए किया जाता है। जरूरी खनिजों में 17 दुर्लभ खनिज तत्त्व शामिल हैं, जिनमें लैंथेनाइड (धात्विक तत्व), स्कैंडियम और यट्रियम की मांग सबसे अधिक है। स्कैंडियम का उपयोग एयरोस्पेस और खेल उपकरण बनाने में किया जाता है। यट्रियम का उपयोग लेजर और सिरेमिक के निर्माण में होता है। लैंथेनाइड, उच्च तापमान वाले स्थायी चुंबक बनाने में इस्तेमाल होता है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों और पवन चक्कियों के काम आता है। गौरतलब है कि निकल, कोबाल्ट, लिथियम, एल्युमीनियम और जिंक सबसे जरूरी खनिजों में से हैं। अमेरिका बारह जरूरी खनिजों के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। वह 29 अन्य जरूरी खनिजों के लिए अपनी जरूरत का कम से कम आधा हिस्सा आयात करता है। उसकी आर्थिक या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों के आयात में कोई अड़चन न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका हरसंभव प्रयास कर रहा है। दुर्लभ खनिजों का उपयोग हार्डवेयर के उन मुख्य घटकों में भी किया जाता है, जो सेमीकंडक्टर और कृत्रिम मेधा (एआई) तकनीकों में काम आते हैं। चीन के पास इनमें से बारह खनिजों के भंडार हैं। दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण की लागत बहुत ज्यादा होती है और इनके खनन में भी भारी मात्रा में रसायनों का



इस्तेमाल होता है, जिससे जहरीला कचरा पैदा होता है। फिलहाल, दुनिया में दुर्लभ खनिजों की ज्यादातर आपूर्ति पर चीन का नियंत्रण है। इन खनिजों का साठ फीसद हिस्सा चीन के पास है और वह दुनिया की कुल आपूर्ति का नब्बे फीसद हिस्से को उपयोग के लायक बनाता है। अमेरिका और दूसरे देश इन खनिजों के लिए चीन पर अधिक निर्भर हैं। अमेरिका ने खास तौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए इन खनिजों के अन्य आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने पर जोर दिया है।

**अब सवाल है कि भारत के पास कौन से दुर्लभ खनिज हैं?** जुलाई, 2023 में भारत ने तीस खनिजों की एक सूची जारी की थी, जिसमें बेरिलियम, बिस्मथ, कोबाल्ट, तांबा, गैलियम, जर्मेनियम, ग्रेफाइट, हैफनियम, लिथियम, मोलिब्डेनम, नाइओबियम, निकल, प्लैटिनम समूह के तत्त्व, फास्फोरस, पोटाश के अलावा दुर्लभ मृदा तत्व- रेनियम, सिलिकान, स्ट्रोंटियम, टैंटलम, टेल्यूरियम, टिन, टाइटेनियम, टंगस्टन, वैनेडियम, जिरकोनियम, सेलेनियम और कैडमियम का ब्योरा दिया गया था। बताया गया है कि भारत के पास एक करोड़ तीस लाख टन से ज्यादा मोनाजाइट है। यह एक फास्फेट खनिज है, जिसमें दुर्लभ ऑक्साइड होते हैं और यह दुर्लभ खनिजों के मुख्य प्राकृतिक स्रोतों में से एक है।

सरकार का अनुमान है कि देश के मोनाजाइट भंडार में सत्तर लाख टन से अधिक दुर्लभ मृदा ऑक्साइड (आरईओएस) मौजूद हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट बताती है कि चीन के भंडार में लगभग चार करोड़ चालीस लाख टन आरईओएस मौजूद है और यह दुनिया के ज्ञात भंडारों का लगभग आधा हिस्सा है। वर्ष 2026-2027 के बजट में सरकार ने ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 'दुर्लभ खनिज गलियारे' बनाने के लिए नए नीतिगत उपाय पेश किए हैं।

ये दुर्लभ खनिजों के खनन एवं प्रसंस्करण, अनुसंधान करने और इलेक्ट्रिक वाहनों, पवनचक्की तथा अन्य उन्नत तकनीकों में उपयोग होने वाले उच्च-प्रदर्शन वाले दुर्लभ चुंबकों के निर्माण के केंद्र होंगे। मगर सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह सब हमें खुद करना था या इसे किसी दूसरे देश के सुपुर्द करना था? इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका सबसे पहले अपने हित देखता है। अगर क्वाड देश इसमें शामिल हैं, तो बहुपक्षीय सहमति के बावजूद केवल भारत और अमेरिका के बीच ही द्विपक्षीय समझौते पर जोर क्यों दिया गया? हाल में अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका में 'फलाबोर्वा रेयर अर्थ्स प्रोजेक्ट' में निवेश का एलान किया था। इससे पहले दिसंबर, 2025 में अमेरिका ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अहम खनिजों के खनन में 1.25 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। फरवरी 2026 में उसने अहम खनिजों पर 'पैक्स सिलिका पहल' की थी, जिसमें उसने अर्जेंटीना, कुक आइलैंड्स, इक्वाडोर, गिनी, मोरक्को, पैराग्वे, पेरू, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और उज्बेकिस्तान के साथ अहम खनिजों से जुड़े ग्यारह समझौते किए थे।

अब भारत के दुर्लभ खनिज गलियारे पर भी उसकी नजर है। हालांकि, भारत का कहना है कि अमेरिका के साथ समझौते के जरिए दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति में सहयोग को और गहरा करना है। चीन के दबदबे को चुनौती देने के लिए अमेरिका ने जापान और भारत जैसे देशों के साथ अहम समझौते किए हैं।

बहरहाल, भारत के पास दुर्लभ खनिजों का विशाल भंडार है, जो उद्योगों के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करता है। देश के पास एक करोड़ तीस लाख टन से अधिक मोनाजाइट है, जिसमें अनुमानित सत्तर लाख टन से ज्यादा दुर्लभ ऑक्साइड शामिल हैं। ये भंडार ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और झारखंड में पाए जाते हैं।

ये सभी भंडार मिल कर एक एकीकृत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना का समर्थन करने के लिए भारत के कच्चे माल के आधार को मजबूत करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि किसी भी देश से एकपक्षीय समझौते के बजाय परस्पर हितों को ध्यान में रखकर सहयोग की रणनीति तय की जाए।

## स्वास्थ्य समाचार

# पेट में दर्द और जलन को कम करने के लिए यह घरेलू उपाय

आजकल की लाइफस्टाइल में लोगों के पास खाने-पीने का पर्याप्त समय नहीं है। लोगों को जब भी वक्त मिलता है वो जंक फूड्स या कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं। पिज्जा, बर्गर, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने की वजह से ज्यादातर लोगों को पेट दर्द, गैस, लूज मोशन जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। पेट में दर्द और जलन की समस्याओं से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की दवाओं को मेडिकल ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं।

**गुड़ का सेवन करें :** अगर आपको खाना खाने के बाद पाचन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो आप नियमित तौर पर गुड़ का सेवन करें। गुड़ में आयरन और क्लोरीन भरपूर मात्रा में होते हैं इसके अलावा इसमें कई प्रकार के विटामिंस और मिनरल्स भी पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को सुधारने का काम करता है। पेट में जलन, गैस और दर्द जैसी समस्याओं में गुड़ का सेवन करते समय इसे चबाकर न खाएं बल्कि इसे टॉफी की तरह चूसते रहें।

**एलोवेरा जूस :** पेट में जलन, कब्ज, उल्टी और पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में एलोवेरा जूस सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। एलोवेरा जूस विटामिन बी, सी, ई, फोलिक एसिड, कैल्शियम, कॉपर, सोडियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित तौर पर एलोवेरा जूस का सेवन करने से आंत में पानी का स्तर बढ़ता है जिससे पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। आप खाना खाने के बाद या सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस का सेवन कर सकते हैं।





**सौंफ का पानी :** सौंफ का पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। खाना खाने के बाद जिन लोगों पचाने में परेशानी और पेट में दर्द जैसी समस्या होती है उन्हें नियमित तौर पर सौंफ का पानी की सलाह दी जाती है। सौंफ का पानी बनाने के लिए 2 से 3 चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिलाएं। पेट में जलन और दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए आप सुबह खाली पेट सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं।

**पुदीने का पानी :** पुदीने को सेहत का खजाना माना जाता है। पुदीने में मौजूद मेन्थॉल आंतों में मांसपेशियों की ऐंठन को कम करके पेट में दर्द, सूजन, कब्ज जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। पेट में जलन और दर्द जैसी प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए पुदीने के पानी का सेवन करना अच्छा माना जाता है।नियमित तौर पर आप सुबह खाली पेट पुदीने के पानी का सेवन कर सकते हैं।

# हार्ट फेलियर से पहले शरीर में दिखते हैं यह संकेत, न करें नजरअंदाज

हार्ट फेलियर दिल से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। इसे कंजेस्टिव हार्ट फेलियर भी कहा जाता है। हार्ट फेलियर की समस्या तब होती है, जब हमारा दिल मांसपेशियां को जरूरत के अनुसार रक्त पंप नहीं करती हैं। इस स्थिति में रक्तवापस हृदय में आने लगता है। जो फेफड़ों में तरल पदार्थों के निर्माण का कारण बनता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। अगर कोई व्यक्तिपहले से किसी हृदय संबंधी रोग से जूझ रहा है जैसे कोरोनरी धमनी रोग या हाई बीपी, तो इससे हार्ट फेलियर का जोखिम अधिक बढ़ जाता है। क्योंकि ऐसे में हमारा दिल धीरे-धीरे बहुत कमजोर होने लगता है या रक्त को ठीक से पंप नहीं कर पाता है। जिससे हार्ट फेलियर की समस्या होती है। इसके कारण हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ता है साथ ही व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। इसलिए आपको अपने हृदय का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।

### हार्ट फेलियर के शुरुआती संकेत और लक्षण

- अगर यह हार्ट अटैक के कारण होता है तो आपको सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है।
- किसी शारीरिक गतिविधि या लेटने के दौरान सांस लेने में दिक्कत महसूस होना।
- बहुत अधिक थकान या शरीर में कमजोरी महसूस होना।
- ठीक से एक्सरसाइज न कर पाना, जल्दी थक जाना या क्षमता में कमी महसूस होना।
- खांसी के दौरान सफेद या गुलाबी, लाल आना और घरघराहट होना।
- पैर, टखनों और पैरों के तलवों में सूजन का होना।
- मतली-जी मिचलाना का अनुभव होना और भूख में कमी आना।
- किसी चीज पर ठीक से फोकस न कर पाना या सतर्कता में कमी।

# आंखों में सूजन, चुभन-पानी आना जैसी प्रॉब्लम का तोड़ हैं यह फूड

अखबार में छोटे-छोटे अक्षर पढ़ने के लिए आंखों पर जोर देना पड़ रहा हैं? क्या आपको लगता है कि आपकी आंखें धुंधली हो गई हैं और दृष्टि खराब हो गई है? तो वक्त आ चुका है आप इसका चेकअप कराएं। आंखों में किसी भी तरह की होने वाली परेशानी को नंजरअंदाज करना आपको हमेशा के लिए अंधा कर सकता है। ऐसे में आंखों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद एक्सपर्ट के सुझाए टिप्स भी आपके बहुत काम आ सकते हैं। लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करना, स्क्रीन का बढ़ता उपयोग, खराब आहार आपकी नजर को खराब तरीके से प्रभावित कर रहा है। उम्र के साथ दृष्टि का कमजोर होना आम बात है। लेकिन आज के समय में छोटे उम्र ही लोगों को मोटे-मोटे चश्मे लग जाते हैं। वहीं, अधिकांश वयस्कों में 30 या 40 के दशक के मध्य में दृष्टि संबंधी समस्याएं होना बहुत आम बात हो गयी है। महामारी के दौरान डिजिटल स्क्रीन और गिज़्मोस पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्याओं को और भी बदतर बना दिया है। आंखों की परेशानी के चेतावनी संकेत के रूप में धुंधली दृष्टि, आंखों पर धब्बे, रात में चकाचौंध, चमकती रोशनी, चुभन, आंखों से पानी आना, दर्द पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ये आंखों की आम शिकायतें हैं। जो बीमारी का प्रारंभिक संकेत हो



सकता है। हालांकि अपनी आंखों की देखभाल करना और नियमित रूप से आंखों की जांच के लिए जाना महत्वपूर्ण है। लेकिन हम आपको आंखों की रोशनी में सुधार और सुरक्षा के कुछ सुरक्षित और प्रभावी प्राकृतिक तरीके बता रहें हैं।

**त्रिफला :** त्रिफला आंखों के लिए दवा का काम करता है। यहां तक की मोतियाबिंद के जोखिम को भी कम करने का काम करता है। ऐसे में आयुर्वेद एक्सपर्ट त्रिफला चूर्ण को घी और शहद में समान मात्रा में मिलाकर रात के समय सेवन करने की सलाह देती हैं। साथ ही यह भी बताती हैं कि त्रिफला चूर्ण का सेवन कभी भी लंबे समय तक नहीं करना चाहिए।

**आंवला :** आंवला का सेवन कंजेक्टिवाइटिस और ग्लूकोमा जैसी आंखों के रोगों में राहत पहुंचाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी रेटिना की कोशिकाओं को बनाए रखने और स्वस्थ केशिकाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खासकर डायबिटिक रेटिनोपैथी की स्थिति में।

**किशमिश :** किशमिश में मौजूद पॉलीफेनोलिक फाइटोन्यूट्रिएंट्स मुक्त रेडिकल्स से छुटकारा पाने में मदद करते हैं जो दृष्टि को नुकसान पहुंचाते हैं और आंखों की मांसपेशियों के पतन का कारण बनते हैं। ऐसे में किशमशि का सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**शहद :** एक्सपर्ट का बताती हैं कि यदि आपको आंखों से संबंधित किसी तरह की कोई परेशानी है तो शहद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। अच्छा शहद गुणवत्ता में चक्षुष्य है यानी यह आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है।

**घी :** घी में विटामिन-ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसकी कमी आंखों की रोशनी प्रभावित करती है। ऐसे में घी का इसकी कमी को पूरा करने का काम करता है। आपकी आंखों के हेल्थ को बनाए रखने में कारगर साबित होता है। आयुर्वेद में आंखों के स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कई औषधीय घी हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**वृष**
नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन**
यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा।

**कर्क**
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**सिंह**
प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या**
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**तुला**
ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**धनु**
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

**मकर**
पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ**
पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है।

**मीन**
पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

# परिंडा वितरण एवं परिंडा बांधो कार्यक्रम आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर रोड विकास समिति जयपुर द्वारा गुरुवार को चित्रकूट पार्क में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा वितरण एवं परिंडा बांधो कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों के लिए गर्मी में जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिंडे लगाए गए तथा उपस्थित लोगों को अपने घरों पर परिंडे लगाने के लिए वितरण भी किया गया। समिति की ओर से चलाए जा रहे परिंडा लगाओ अभियान के तहत कुल 501 परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि पिछले 19 वर्षों से यह सेवा कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छतों और बालकनी में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखना आवश्यक है ताकि बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके। महामंत्री दिनेश गुप्ता ने बताया कि बढ़ते पर्यावरण परिवर्तन और भीषण गर्मी को देखते हुए यह अभियान पक्षियों की प्यास बुझाने और उनके संरक्षण के लिए चलाया जा रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दौलत त्रिलोकानी एवं एडवोकेट रमाकांत शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना सभी की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकूट पार्क एवं नगर निगम कॉलोनी के विभिन्न पार्कों में परिंडे लगाए गए तथा वितरण किया गया।

# जल संरक्षण का दिया संदेश

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत चूरू रोड स्थित चुंगी नाका के पास विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम राजस्थान सरकार में विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार के मुख्य आतिथ्य में राहगीरों को पानी पिलाकर जल संरक्षण एवं जल के अपव्यय को रोकने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों का साफा एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। रामगोपाल सुथार ने वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है तथा प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। सुथार ने कहा कि वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान गत 25 मई से आगामी 5 जून 2026 तक पूरे प्रदेश भर में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जलदाय विभाग के एक्सईएन महेन्द्र काँटीवाल ने जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए पानी के अपव्यय को रोकने तथा वर्षा जल संचयन अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं राहगीरों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई व कार्यक्रम का संचालन भाजपा शहर मंडल महामंत्री डॉ अरुण पंचलगिया ने किया।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, विधानसभा विस्तारक द्वारका प्रसाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मंचासीन रहे।

### भीषण गर्मी व नौतपा का असर

# सुनसान पड़े बाजार और सड़कें

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते बाजारों और मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। आम दिनों में चहल-पहल रहने वाले बाजार गर्मी के कारण सूने दिखाई दिए। तेज गर्मी और लू के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। अधिकांश लोग दिनभर कूलर और एसी के सहारे घरों में ही रहे। गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय यातायात भी कम नजर आया। मौसम में लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। डॉ. महेंद्र सैनी ने बताया कि नौतपा के दौरान तेज धूप और लू से बचाव बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने, अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लू लगने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

# देश में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति, अफवाहों पर ध्यान न दें : सरकार

नई दिल्ली

भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त से भी अधिक आपूर्ति उपलब्ध है और खुदरा तथा औद्योगिक दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और ईंधन के खुदरा केंद्रों का अनुशासित तरीके से उपयोग करने की अपील की है।

### भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर

सरकार के अनुसार भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। देश में 22 चालू रिफाइनरियां हैं, जिनकी कुल वार्षिक क्षमता 25.81 करोड़ टन है। वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू खपत 24.32 करोड़ टन रही, जबकि इसी अवधि में 6.15 करोड़ टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया गया। इससे भारत वैश्विक स्तर पर रिफाइंड उत्पादों के सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल है।

### हालात पर लगातार नजर रख रही सरकार

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों, राज्य सरकारों और उद्योग संगठनों के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि पेट्रोल और डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। सरकार ने बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, फिक्की और सीआईआई के साथ स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ कि किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई वास्तविक कमी नहीं है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में मूल्य अंतर का अनुचित लाभ उठाने की कोशिशों के कारण कृत्रिम कमी का भ्रम पैदा हुआ है।




सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी पर प्रतिदिन लगभग 550 करोड़ रुपए का नुकसान खुद वहन कर रही हैं। यह राहत मुख्य रूप से परिवारों, किसानों और दोपहिया वाहन चालकों जैसे खुदरा उपभोक्ताओं के लिए दी जा रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक खरीद के लिए अलग मूल्य व्यवस्था लागू होती है, जहां कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुसार तय होती हैं।

सरकार के मुताबिक कुछ औद्योगिक उपभोक्ता औद्योगिक चैनलों के बजाय खुदरा पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीद रहे हैं।

# वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत गतिविधियों का हो समुचित संपादन : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए पानी-बिजली आपूर्ति व चिकित्सा सेवाओं के प्रबंधन, वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान, जनगणना-2027 को लेकर समीक्षा की और अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जाए। सभी सभी विभागों के अधिकारी अभियान अंतर्गत निर्धारित तिथियों को आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को समुचित ढंग से संपादित करें। इसी के साथ प्रत्येक गतिविधि की पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिक्षा, पशुपालन, कृषि, राजीविका व नगरनिकाय अधिकारियों को अभियान अंतर्गत गतिविधियां बढ़ाने और उनकी पोर्टल पर समयबद्ध एंट्री सुनिश्चित करने की बात कही। इसी के साथ उन्होंने अभियान अंतर्गत श्रमदान व शपथ कार्यक्रम, मिशन हरियालो राजस्थान को लेकर पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने, जेएसएजेबी में कार्यों की जियो-टैगिंग, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अंतर्गत जल संरक्षण व रिचार्ज स्ट्रक्चर विकसित करने को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। जला कलक्टर सुराणा ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी उपखंड अधिकारी व चार्ज अधिकारी फील्ड में प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें व निरीक्षण प्रतिवेदन भेजें। सभी अधिकारी देखें कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य में त्रुटिरहित एंट्री सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में लॉक्ड आउस, वेकेंट आदि होने पर उनकी समुचित एंट्री की जाए व चार्ज अधिकारी चार्ज स्तर पर गतिविधियों की नियमित मॉनीटरिंग करें। इसी के साथ उपखंड अधिकारी व चार्ज अधिकारी अपने सुपरवाइजरों की बैठक लेकर जनगणना कार्य में अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर पेंडेंसी की चर्चा करते हुए प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभाग का जिला व ब्लॉक स्तर पर नियमित रिव्यू करें व सुनिश्चित करें कि 15 दिन से अधिक की कोई पेंडेंसी न रहे। उन्होंने पीएचईडीए डिस्कॉम व चिकित्सा अधिकारियों को गर्मियों के दौरान पेयजल व बिजली आपूर्ति व चिकित्सा सेवाओं की समुचित उपलब्धता व प्रबंधन करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ईआरओ व एईआरओ को निर्वाचन गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशाकृ निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने जनगणना-2027 व घूमंतू व अर्द्धघूमंतू परिवारों के आवासी पट्टों से संबंधित रिपोर्ट के बारे में चर्चा की। सीईओ श्वेता कोचर ने श्वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों को लेकर पोर्टल पर एंट्री की चर्चा की। एडीपीएस मीनू वर्मा ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों की चर्चा की। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# दस हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर कर्मवीर उर्फ कर्म सिंह को धौलपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी झुंझुनू जिले के सूरजगढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर है और लंबे समय से फरार चल रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध बिपिन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस राशि डोगरा डूडी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा अग्रवाल के सुपरविजन में गठित टीम ने तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपी को धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सागर पाड़ा पुलिस चौकी के सामने घेराबंदी कर दबोचा। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी नागपुर से ग्वालियर होते हुए धौलपुर की ओर आ रहा है और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा है। तकनीकी विश्लेषण में एएसआई शंकर दयाल शर्मा और शशिकांत की अहम भूमिका रही। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कर्मवीर निवासी किढ़वाणा, थाना सूरजगढ़ एक आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ राजस्थान सहित पड़ोसी राज्यों में एक दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अपहरण, दुष्कर्म, लूट, चोरी, आगजनी और जानलेवा हमले जैसे मामले शामिल हैं। आरोपी हाल ही में सूरजगढ़ थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था। पीड़ित दीपक मेघवाल ने रिपोर्ट दी थी कि अक्टूबर 2025 में आरोपी और उसके साथियों ने उसे जातिसूचक गालियां दी, मारपीट की, अपहरण कर बंधक बनाया और जान से मारने की धमकी दी। इसी मामले में उस पर 10 हजार का इनाम घोषित था। इस कार्रवाई में सीआईडी क्राइम ब्रांच और झुंझुनूं डीएसटी की संयुक्त टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, कांस्टेबल अमित सिहाग सहित अन्य जवानों का विशेष योगदान रहा। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए सूरजगढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# एयू जयपुर साइक्लोथॉन तीन जून से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** साइक्लिंग संस्कृति, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एयू जयपुर साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन 3 जून से 7 जून 2026 तक किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक खेल गतिविधि नहीं बल्कि फिटनेस, ग्रीन मोबिलिटी और सस्टेनेबल सिटीज को बढ़ावा देने वाला बड़ा सामाजिक अभियान होगा। यह कार्यक्रम संस्कृति युवा संस्था, जयपुर रनर्स क्लब और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफइवेंट मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एवं इटरनल हॉस्पिटल, जयपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार 7 जून को होने वाले मुख्य आयोजन में जयपुर सहित देशभर से हजारों साइक्लिस्ट्स, फिटनेस प्रेमी, युवा, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि और परिवार हिस्सा लेंगे। सभी प्रतिभागी ग्रीन और क्लीन सिटी का संदेश देंगे। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से प्रेरित होकर यह आयोजन लोगों को साइक्लिंग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करेगा। मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय मुख्य झलकियों कि सस्टेनेबल सिटीज एंड साइक्लिंग विषय पर टॉक शो, जिसमें विशेषज्ञ शहरी विकास और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करेंगे। शहरभर में मेगा प्लांटेशन ड्राइव के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। बीआईबी एक्सपो और साइक्लिंग अवॉर्ड समारोह, जिसमें प्रतिभागियों को रेस किट्स वितरित की जाएगी तथा फिटनेस और साइक्लिंग क्षेत्र में योगदान देने वालों का सम्मान होगा और मुख्य रेस के दिन जयपुर शहर के पांच अलग-अलग स्थानों से एक साथ साइक्लिंग राइड को फ्लैग ऑफकिया जाएगा। हजारों साइक्लिस्ट्स की भागीदारी से शहर में फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित होगा।

# पुलिस ने दबोचे शातिर वाहन चोर गिरोह



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों पर कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई दुपहिया वाहन बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि सिंधीकैंप थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर मुख्य आरोपी आकाश सैन निवासी नंदपुरी स्वेज फार्म, विनोद उर्फसांवरा मेहरा निवासी सुशीलपुरा, विशाल राय निवासी जमुना नगर विस्तार तथा मोनू चौहान निवासी जमुना नगर को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर एक चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। विनोद उर्फ सांवरा के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट, आगजनी, मारपीट और नकबजनी सहित आठ मुकदमे दर्ज हैं। विशाल राय और मोनू चौहान के खिलाफ भी चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के मामले दर्ज हैं। वहीं आकाश सैन के खिलाफभी चोरी का मामला दर्ज होना सामने आया है। थानाधिकारी माधोसिंह ने बताया कि आरोपियों से रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में जयपुर पश्चिम और दक्षिण क्षेत्र में हुई अन्य वाहन चोरी की वारदातों के खुलासे की संभावना है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल रामकरण सिंह, कांस्टेबल श्रवण कुमार और कांस्टेबल भागीरथ की विशेष भूमिका रही।

# अंतर्राष्ट्रीय इमरजेंसी मेडिसिन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय इमरजेंसी मेडिसिन दिवस 2026 के अवसर पर नारायणा हॉस्पिटल जयपुर में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और समय पर उपचार के महत्व को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल की इमरजेंसी मेडिसिन टीम द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को कार्डियक अरेस्ट, बेहोशी, हीटस्ट्रोक एवं अन्य मेडिकल इमरजेंसी स्थितियों में शुरुआती सहायता देने की जानकारी दी गई। सीपीआर, पल्स और सांस जांचने की प्रक्रिया तथा एम्बुलेंस पहुंचने से पहले दी जाने वाली प्राथमिक सहायता का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि आपात स्थिति में शुरुआती मिनटों में दिया गया सही उपचार कई बार जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। गर्मियों में बढ़ते हीटस्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय संबंधी आपात स्थितियों को लेकर विशेष सतर्कता की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि भीषण गर्मी में बुजुर्ग, बच्चे और हृदय रोगी विशेष सावधानी बरतें तथा पर्याप्त पानी पीने और लंबे समय तक धूप में न रहने की सलाह दी। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि जेसीआई जैसी अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं मरीज सुरक्षा, गुणवत्ता और आपातकालीन सेवाओं के उच्च मानकों को सुनिश्चित करती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सही प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक करना रहा।

# श्रीमद् भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदपोल स्थित श्री रामचंद्रजी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान गुरुवार को नंदोत्सव उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। व्यास पीठ पर आशीष व्यास महाराज ने जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं नंदोत्सव प्रसंग का वर्णन किया, पूरा पांडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा । इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया तथा आकर्षक झांकियां सजाई गईं । महिलाओं ने मंगल गीत गाकर बधाइयां दी, वहीं श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान का स्वागत किया । कथा स्थल पर माखन-मिश्री, पंचामृत एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया। उत्सव में कपड़े, खिलौने, टॉफियां, फल मिठाइयों की जमकर उछाल बधाई गान का आयोजन हुआ। पूरे कथा स्थल आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत कृष्ण भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कई भक्त बाल गोपाल स्वरूप में सजे बच्चों के साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। आयोजन समिति ने बताया कि नंदोत्सव का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियों को जन-जन तक पहुंचाना और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था जागृत करना है । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात को 8 बजे तक के क्रम में हो रही है। कथा का विश्राम 31 मई को होगा।

# शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन

### याददाश्त चली गई थी, मुशायरे की याद आने पर इरशाद-इरशाद कहने लगते थे

**भोपाल।** उर्दू ग़ज़ल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र (91) नहीं रहे। उन्होंने गुरुवार दोपहर 12:15 बजे भोपाल में फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए बशीर बद्र तक़रीबन 14 बरस डिमेंशिया की गिरफ़्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। उनको आज शाम 7:30 बजे भोपाल टॉकीज के पास कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी पत्नी, डॉ. राहत बद्र, जब उनके शेर गुनगुनातीं, तो बशीर साहब के चेहरे पर शादाबी की हल्की सी झलक उभर आती थी। कभी-कभी वे खुद भी मिसरा पूरा करने लगते।

# फाइनल में पहुंचने की अंतिम जंग आज

# क्वालिफायर-2 में गुजरात और राजस्थान में भिड़ंत

**जो मारेगा बाजी वो फाइनल में बैंगलुरू से भिडेगा**





**आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 मुकाबले में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है, क्योंकि यहां हारने वाली टीम का सफर समाप्त हो जाएगा, जबकि विजेता टीम 31 मई को होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से भिड़ेगी। आईपीएल 2026 का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। शुक्रवार को इस संस्करण का दूसरा क्वालिफायर मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगी, जो भी टीम मुकाबला जीतेगी फाइनल में प्रवेश कर लेगी और उसका सामना 31 मई यानी रविवार को गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।**

### किसका पलड़ा भारी?

राजस्थान के खिलाफ गुजरात का रिकॉर्ड शानदार रहा है। गुजरात को पहले क्वालिफायर में आरसीबी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी, जबकि राजस्थान ने एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। राजस्थान और गुजरात के बीच आईपीएल में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से सात मुकाबलों में जीत गुजरात के हाथ लगी है, जबकि राजस्थान सिर्फ तीन मैच ही जीत सकी है। गुजरात टाइटंस अपने इस दमदार रिकॉर्ड को दूसरे क्वालिफायर में भी बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

### गुजरात के सामने सबसे बड़ी चुनौती वैभव सूर्यवंशी

राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इस सीजन में विपक्षी गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेलकर सभी को प्रभावित किया था। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी ने गुजरात की चिंताएं बढ़ा दी हैं। पिछले मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने उन्हें शॉर्ट गेंद पर आउट जरूर किया था, लेकिन उससे पहले वैभव ने उनकी गेंद पर शानदार छक्का भी जड़ा था। कगिसो रबाडा जैसे अनुभवी गेंदबाज भी उनकी बल्लेबाजी के सामने बेअसर नजर आए थे। अब गुजरात के गेंदबाज एक बार फिर शॉर्ट गेंद की रणनीति के साथ उतर सकते हैं, क्योंकि वैभव कुछ मुकाबलों में इसी कमजोरी के चलते विकेट गंवा चुके हैं।

### राजस्थान को फिर वैभव और आर्चर से उम्मीद

राजस्थान रॉयल्स की सफलता में वैभव सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की बड़ी भूमिका रही है। बल्लेबाजों के लिए मददगार पिच पर वैभव खुलकर शॉट खेलना पसंद करते हैं और बड़े गेंदबाजों के खिलाफ भी बेखौफ नजर आते हैं। वैभव के शानदार फॉर्म के कारण यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन थोड़ा दबा हुआ दिखाई दिया है, हालांकि ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर लगातार उपयोगी पारियां खेली हैं। राजस्थान की टीम अपने संयोजन से संतुष्ट नजर आ रही है और प्लेइंग-11 में बदलाव की संभावना काफी कम मानी जा रही है।

### गुजरात के टॉप ऑर्डर पर बड़ी जिम्मेदारी

गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी काफी हद तक शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर पर निर्भर रही है। अगर ये तीनों बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाते हैं तो टीम के लिए बड़ा स्कोर खड़ा करना मुश्किल हो जाता है। साई सुदर्शन ने पूरे सीजन में निरंतर प्रदर्शन किया है, लेकिन उनसे शुरुआत से ही तेजी से रन बनाने की उम्मीद करना आसान नहीं होगा। वहीं अगर राजस्थान बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रहता है तो गुजरात के शीर्ष क्रम पर दबाव बढ़ सकता है।

### फाइनल का टिकट दांव पर

दोनों टीमों के पास फाइनल में पहुंचने का सुनहरा मौका है। राजस्थान जहां अपने युवा खिलाड़ियों के दम पर आत्मविश्वास से भरी हुई है, वहीं गुजरात अनुभव और संतुलित टीम संयोजन के भरोसे मैदान पर उतरेगी। अब देखना होगा कि फाइनल में आरसीबी का सामना करने का मौका किस टीम को मिलता है।






## वैभव सूर्यवंशी ने जहां की एसआरएच की धुनाई वहीं पर होगा क्वालिफायर 2

आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को क्वालिफायर 2 में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी। जीटी को इस मैच में वैभव सूर्यवंशी से निपटने की बड़ी चुनौती होगी। खासकर तब जब उसी मैदान में बुधवार को सूर्यवंशी ने स्क्रा॥ की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाई थी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालिफायर में गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती %वंडर किड% वैभव सूर्यवंशी के बल्ले पर अंकुश लगाने की होगी। इसके अलावा उनके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी आक्रामक खेल दिखाना होगा। क्वालिफायर 2 उसी मैदान पर है जहां बुधवार को वैभव सूर्यवंशी ने बल्ले से कोहराम मचाया था। ये बात गुजरात टाइटन्स को डरा भी सकती है। लिहाजा उसे इस 'बेबी बॉस' से सावधान रहना होगा।

### नीदरलैंड ने बल्लेबाज़ी का फैसला किया

दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने शॉर्ट गेंद पर सूर्यवंशी को आउट किया था लेकिन इससे पहले उनकी गेंद पर शानदार छक्का पड़ा था।

तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भी सूर्यवंशी ने नहीं बख्शा। पंद्रह बरस के इस बल्लेबाज ने एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद में 97 रन बनाये हैं।

बल्लेबाजों की मददगार इस पिच पर सूर्यवंशी एक बार फिर हर गेंद को पीटना चाहेंगे और गेंदबाज के रसूख की वह परवाह नहीं करते। इसलिये जसप्रीत बुमराह से लेकर पैट कमिंस तक सभी की गेंदों पर उन्होंने छक्के लगाये हैं।

कुछ मैचों में सूर्यवंशी शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे हैं और गुजरात के गेंदबाज इसी पर फोकस करना चाहेंगे।

रॉयल्स की सफलता की कुंजी सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साबित हुए हैं। सूर्यवंशी के शानदार फॉर्म के आगे यशस्वी जायसवाल छिप से गए हैं। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की है।

कप्तान रियान पराग ने कहा था कि रॉयल्स को बुधवार को 260 रन बनाने चाहिये थे लेकिन डेथ ओवरों में विकेट लगातार गिरते गए। उन्हें अपनी फिनिशिंग पर काम करना होगा। दूसरी ओर गुजरात के पास एक और आईपीएल फाइनल में पहुंचने का मौका है। गुजरात की टीम बल्लेबाजी में शीर्ष तीन शुभमन गिल, साइ सुदर्शन और जोस बटलर पर निर्भर है। अगर ये नहीं चले तो बड़ा स्कोर बनना मुश्किल है। अगर रॉयल्स ने 250 से अधिक रन बना लिये तो गिल और सुदर्शन पर दबाव आ जायेगा।

सुदर्शन के प्रदर्शन में निरंतरता है लेकिन वह पहली गेंद से पीट नहीं सकते। गेंदबाजी गुजरात की ताकत है लेकिन धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ डेथ ओवरों में उसके गेंदबाज नहीं चले थे जब आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने शानदार पारी खेली थी।

गुजरात को अपनी फील्डिंग में भी काफी सुधार करना होगा। पिछले मैच में राहुल तेवतिया का फॉर्म भी उसके लिये अच्छा संकेत है। भीषण गर्मी के बावजूद सूर्यवंशी की बल्लेबाजी देखने के लिये हजारों की संख्या में क्रिकेटप्रेमियों के स्टेडियम में आने की उम्मीद है।

### टीमें:

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत (विकेटकीपर), अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर (विकेटकीपर), कॉनर एस्टरहुइज़न, गुरनूर बराड़, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड और जयंत यादव।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), अमन राव, शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), लुआन-ड्रे प्रिटोरियस (विकेटकीपर), रवि सिंह, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, ब्रिजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, केवेना मफाका, एडम मिल्ने, सुशांत मिश्रा, विग्नेश पुथुर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, यशराज पुंजा, युद्धवीर सिंह।

---

## कल्याण से धन सृजन तक : क्यों वी. बी. जी. आर. ए. एम. जी. ग्रामीण परिवर्तन के अगले अध्याय को चिह्नित करता है

नवयत्न।

भारत की ग्रामीण विकास यात्रा दशकों में कई ऐतिहासिक हस्तक्षेपों के माध्यम से विकसित हुई है। महाराष्ट्र की अग्रणी रोजगार गारंटी योजना से लेकर स्वर्णजयंती ग्राम रोजगार योजना और बाद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा तक, प्रत्येक चरण अपने समय की विकासात्मक जरूरतों को दर्शाता है। नव अधिनियमित रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम, 2025 के लिए विकसित भारत-गारंटी उस विरासत से प्रस्थान नहीं है, बल्कि इसकी स्वाभाविक और अधिक महत्वाकांक्षी प्रगति को दर्शाता है-जो ग्रामीण रोजगार को एक सुरक्षा-जाल से बदलने का प्रयास करता है। ग्रामीण आर्थिक नवीकरण के एक व्यापक इंजन के रूप में कार्यक्रम। नए ढांचे के केंद्र में दर्शन में एक सरल लेकिन शक्तिशाली बदलाव निहित है। पहले के रोजगार कार्यक्रम बड़े पैमाने पर संकट और मौसमी बेरोजगारी के खिलाफ अस्थायी राहत प्रदान करने के लिए बनाए गए थे। वीबी-जी राम जी ढांचा अपने विकासात्मक उद्देश्य का विस्तार करते हुए रोजगार की इस कानूनी गारंटी को बरकरार रखता है। वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करके, यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका सुरक्षा को काफी मजबूत करता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह रोजगार के हर दिन को टिकाऊ और उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ता है जो गांवों की आर्थिक क्षमता में स्थायी रूप से सुधार कर सकते हैं। यही कारण है कि नए ढांचे को मनरेगा के रोलबैंक के बजाय एक उन्नयन के रूप में देखा जाना चाहिए। काम की गारंटी बरकरार है। श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, सामाजिक लेखा परीक्षा और बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण जैसे कानूनी अधिकारों का आनंद लेना जारी है। मौजूदा नौकरी कार्ड धारक निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित करते हुए नई प्रणाली में निर्बाध रूप से परिवर्तन करेंगे। विकासात्मक दृष्टि की महत्वाकांक्षा और पैमाना क्या परिवर्तन है। 2026 की ग्रामीण अर्थव्यवस्था 2005 के ग्रामीण भारत से मौलिक रूप से अलग है जब मनरेगा लागू की गई थी। गाँव आज सड़कों, बैंकिंग प्रणालियों, डिजिटल बुनियादी ढांचे और कल्याणकारी वितरण प्लेटफार्मों के माध्यम से बेहतर तरीके से जुड़े हुए हैं। ग्रामीण आकांक्षाएं भी विकसित हुई हैं। अकेले रोजगार सृजन अब पर्याप्त नहीं है, ग्रामीण समुदायों को तेजी से उत्पादक बुनियादी ढांचे, जलवायु लचीलापन, मूल्यवर्धन और आय के विविध अवसरों की आवश्यकता है। वीबी जी आर ए एम जी अधिनियम इस परिवर्तन को मान्यता देता है और ग्रामीण विकास को विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ संरेखित करने का प्रयास करता है। नए कानून की सबसे परिवर्तनकारी विशेषता उत्पादक ग्रामीण संपत्ति निर्माण पर जोर देना है। अधिनियम के तहत कार्य चार प्रमुख स्तंभों के आसपास आयोजित किए जाते हैं-जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका से संबंधित बुनियादी ढांचा और जलवायु लचीलापन। यह विषयगत दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण रोजगार एक साथ सिंचाई प्रणालियों, ग्रामीण बाजारों, भंडारण सुविधाओं, मत्स्य पालन अवसंरचना, अक्षय ऊर्जा परिसंपत्तियों, बाढ़ संरक्षण संरचनाओं, स्वच्छता प्रणालियों और कृषि-प्रसंस्करण का निर्माण करे। सुविधाएँ। इस तरह के निवेश ग्रामीण आर्थिक परिदृश्य को मौलिक रूप से बदल सकते हैं। जल संरक्षण और सिंचाई संरचनाएँ कृषि उत्पादकता में सुधार करती हैं। ग्रामीण भंडारण और खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करती है और स्थानीय उद्यम के अवसर पैदा करती है। ग्रामीण बाजार और संपर्क उपभोक्ताओं तक पहुंच में सुधार करते हैं। जलवायु-लचीला बुनियादी ढांचा कमजोर समुदायाँ को लगातार होने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचाता है। एक साथ ये हस्तक्षेप कृषि, संबद्ध क्षेत्रों, ग्रामीण सेवाओं और छोटे पैमाने के उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र में कई गुना प्रभाव पैदा कर सकते हैं। पहले की योजनाओं के विपरीत जो अक्सर साइलो में काम करती थी, वी बी जी आर ए एम जीण् ढांचा विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से एक अभिसरण-आधारित योजना संरचना पेश करता है। ग्राम पंचायतें स्थानीय जरूरतों के अनुरूप और कई केंद्रीय और राज्य योजनाओं से जुड़ी एकीकृत विकास योजनाएं तैयार करेंगी। यह एकल-योजना, बहु-वित्तपोषण दृष्टिकोण खंडित खर्च को समाप्त करने और ग्राम स्तर पर संतृप्ति-आधारित विकास परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। वास्तव में ग्रामीण रोजगार खर्च को अब केवल उपभोग व्यय के रूप में नहीं माना जाता है बल्कि दीर्घकालिक ग्रामीण उत्पादकता में रणनीतिक सार्वजनिक निवेश के रूप में माना जाता है। कानून के भीतर अंतर्निहित शासन सुधार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी-सक्षम उपस्थिति प्रणाली, परिसंपत्तियों की भू-टैगिंग, डिजिटल डैशबोर्ड, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली और मजबूत सामाजिक लेखा परीक्षा का उद्देश्य पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करना है। समय पर मजदूरी का भुगतान और देरी के लिए मुआवजा प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाते हुए श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूत करता है। प्रशासनिक व्यय को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करने का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन क्षमता को मजबूत करना और ग्रामीण कार्यक्रम वितरण को पेशेवर बनाना है। वी बी जी आर ए एम जी अधिनियम का बड़ा महत्व कल्याण और विकास के बीच संबंधों को फिर से परिभाषित करने के प्रयास में निहित है। पहले के रोजगार कार्यक्रमों में मुख्य रूप से गरीबी को कम करने की कोशिश की जाती थी। नया ढांचा लचीली स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करके, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करके और उत्पादक आजीविका पारिस्थितिकी तंत्र पैदा करके इसके संरचनात्मक कारणों को समाप्त करने का प्रयास करता है। ऐसा करने में यह उभरते भारत की विकासात्मक वास्तविकताओं के अनुकूल होने के साथ-साथ पिछले रोजगार गारंटी कार्यक्रमों की भावना को आगे बढ़ाता है। भारत की ग्रामीण परिवर्तन की कहानी हमेशा अचानक टूटने के बजाय संस्थागत निरंतरता के माध्यम से विकसित हुई है। वीबी-जी राम जी उस विकास के अगले चरण का प्रतिनिधित्व करता है-काम की गारंटी से लेकर दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि की गारंटी तक।



**हिमांशु सिंह**
**जिला जनसंपर्क अधिकारी,**
**झुंझुनू**

## भाटिया को मिला पार्टी के प्रति ईमानदारी व निष्ठा का इनाम

## एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष के लिए किया पुनः मनोनित

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** सुरेन्द्र भाटिया को प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल द्वारा अनुसुचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष के पद पर पुनः मनोनित करने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सुरेन्द्र भाटिया मौजुदा में भी एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनित थे। इन्होनें पार्टी की रीति नीति व सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार में ईमानदारी से पार्टी के हितों में काम करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन किया। एससी मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल ने पार्टी के प्रति इनकी निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए इन पर विश्वास जताया व कार्यकारिणी के गठन में इन्हें दवारा जिले की कमान सौंपी। सुरेन्द्र भाटिया के पुनः एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने पर पार्टी पदाधिकारियों व उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। पार्टी द्वारा दुबारा विश्वास जताने पर भाटिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल, जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी व पार्टी के विधायकों का आभार प्रकट किया। सुरेन्द्र भाटिया की पुनः नियुक्ति पर सैनिक कल्याण बोर्ड राज्य चेयरमैन प्रेम सिंह वाजौर, पूर्व सांसद नरेन्द्र खीचड़, विधायक राजेन्द्र भाम्बू, विधायक धर्मपाल गुर्जर, विधायक विक्रम सिंह जाखेल, ओबीसी आयोग सदस्य पवन माडिया, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योराण, भाजयूमों जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, पूर्व प्रधान नौता यादव, निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, उप प्रधान मुकेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, लाखु मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला आयोजित

**चूरू (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित ष्वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीएम अर्पिता सोनी ने कार्यशाला का पर्यवेक्षण किया और जनसहभागिता से जल संरक्षण अभियान सफल बनाने का आह्वान किया। एडीएम अर्पिता सोनी ने कहा कि जल संरक्षण को दैनिक आदत बनाना होगा। उन्होंने जल के विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 25 मई से 05 जून, 2026 तक यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। कार्यशाला में सामाजिक सरोकारों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वकर्मा उद्योग संघ चूरू के अध्यक्ष धर्मेन्द्र बुडानिया एवं लघु उद्योग भारती के प्रांतीय सदस्य दौलत तंवर सहित अन्य उद्यमियों ने पंखा सर्किल से रीको औद्योगिक क्षेत्र तक सड़क के दोनों ओर वृक्षारोपण करवाने का संकल्प लिया। इस पहल की उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सराहना की। अभिषेक चोटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण के निर्माण हेतु यह अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। वाटरशेड एक्सईएन विशाल भार्गव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान तथा सीएसआर के माध्यम से करवाए जा सकने वाले विभिन्न विकास एवं जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अधिकाधिक जनसहयोग एवं सीएसआर भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण एवं पर्यावरणीय गतिविधियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस दौरान उद्योगपति जगदीश जैसनसरिया, एलडीएम राहुल गोले, रीको आरएम यशपाल सिंह, वाटरशेड सहायक अभियंता रामकरण यादव, डिस्कॉम एक्सईएन एनके पारीक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बैंक प्रतिनिधि, उद्यमी एवं जिला स्तरीय सीएसआर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित शब्दों पर सांसद बेनीवाल को घेरा

**नोखा (नवयत्न)।** लोकतांत्रिक राजनीति में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है लेकिन भाषा की मर्यादा और गरिमा बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए इस प्रकार की अमर्यादित एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग न केवल एक व्यक्ति का अपमान है बल्कि राजस्थान की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अनादर है। नोखा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई ने प्रेस नोट जारी करके सांसद हनुमान बेनीवाल को घेरा। बिश्नोई ने कहा की बेनीवाल आप भी जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और भजनलाल शर्मा भी जनता के विश्वास से निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। वे चुने हुए विधायकों द्वारा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए हैं। साथ ही प्रदेश का पूरा मंत्रिमंडल भी जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों से मिलकर बना है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के विश्वास का प्रतीक है। इसलिए इस प्रकार की बयानबाजी आपको कतई शोभा नहीं देती। यह आपकी राजनीतिक निराशा को दर्शाता है। साथ ही मंत्रिमंडल के एक सदस्य के लिए दलाल जैसे शब्दों का प्रयोग करना आपकी राजनीतिक मर्यादाओं के प्रति असम्मान को दर्शाता है। लोकतंत्र में असहमति हो सकती है लेकिन अभद्र भाषा किसी भी जनप्रतिनिधि की गरिमा के अनुरूप नहीं मानी जा सकती। राजनीति सेवा, संवाद और जनहित का माध्यम होनी चाहिए न कि व्यक्तिगत कटाक्ष और अमर्यादित शब्दों का। राजस्थान की जनता मुद्दों पर आधारित सकारात्मक राजनीति चाहती है और ऐसे स्तरहीन बयानों को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

## आईपीएल एलिमिनेटर मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले दो सटोरिये गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान सक्रिय ऑनलाइन सट्टा गिरोहों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौमूं थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये के ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए एलिमिनेटर टी-20 मैच पर सट्टा लगाते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 08 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 आईपैड, 01 टैबलेट, माइक, ब्लूटूथ स्पीकर सहित सट्टे के संचालन में प्रयुक्त कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि चौमूं पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टारगेट स्कूल के पास स्थित एक मकान पर दबिश देकर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। जांच में सामने आया कि आरोपी एक जानकार के मकान में छिपकर हाईटेक तरीके से सट्टा संचालन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार आरोपी जूम एप के जरिए ग्राहकों को जोड़कर उन्हें आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराते थे तथा मैच की हर गेंद, ओवर और सेशन पर सट्टा लगवाते थे। सट्टे की रकम का लेनदेन बैंक खातों और नकद माध्यम से किया जा रहा था। जिस पर पुलिस ने मक्खन लाल सैनी निवासी चौमूं और सुरेन्द्र सैनी निवासी सीकर को गिरफ्तार किया। वहीं इस नेटवर्क से जुड़े बनवारी लाल मीणा उदयपुरिया और महेश सैनी सीकर फरार बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने मौके से 08 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 आईपैड, 01 टैबलेट, माइक, ब्लूटूथ स्पीकर सहित सट्टे के संचालन में प्रयुक्त कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा आईटी एक्ट और राजस्थान गैंबलिंग ऑर्डिनेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

## आरसीबी बनाम गुजरात मैच पर दांव लगाते दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आईपीएल मैचों के दौरान सक्रिय ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ कमिश्नरेट की क्राइम सप्रेशन टीम ने माणक चौक थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए तालकटोरा कॉलोनी स्थित एक सट्टा ब्रांच का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरसीबी बनाम गुजरात टाइटंस मैच पर शुभ7019 आईडी के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी और माणकचौक थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से तालकटोरा कॉलोनी में दबिश दी। जहां आरोपियों ने एक कमरे को हाईटेक सट्टा ब्रांच में तब्दील कर रखा था, जहां से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को जोड़कर सट्टेबाजी करवाई जा रही थी। दोनों आरोपी आईडी के जरिए मैच की हर गेंद और रन पर दांव लगवा रहे थे। जिस पर पुलिस ने राजकुमार अग्रवाल और सुनील गर्ग निवासी तालकटोरा कॉलोनी, थाना माणकचौक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से एक आईपैड और चार एंड्रॉइड मोबाइल फोन सहित सट्टेबाजी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में लाखों रुपये के अवैध लेनदेन का अंदेशा जताया गया है। पुलिस ने बताया कि जब्त मोबाइल और टैबलेट के डेटा की गहन जांच की जा रही है, जिससे इस सट्टा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान होने की संभावना है।

## लगातार 26 वें दिन भी धरना रहा जारी




निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में नगरपरिषद कार्यालय के बाहर दिया जा रहा धरना 26 वें दिन गुरूवार को भी जारी रहा। धरने पर तरूण सियोता, एडवोकेट सलीम खान गाजी, अमित मारोठिया, मोहम्मद इदरीश गौरी, निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी, मनोज गुलेरिया, राजू लुहार, राहुल ढ़ेनवाल, शंकरलाल लाखन, सुनील, राजकुमार, कैलाश, सुनील, शंकरलाल जाट, कमल किशोर सियोता, नबाब, ओमप्रकाश लुहार, आरिफसहित अनेक लोगों ने शिरकत की और मांगो के समर्थन में नारेबाजी की।

## भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति से गूंजा वातावरण



**जयपुर (नवयत्न)।** अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धननाथ मंदिर में चल रहे 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ। श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित कथा के समापन अवसर पर बड़ौदरा निवासी भागवत मर्मज्ञ गिरिराज शास्त्री ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का समापन अत्यंत भावुक और ज्ञानवर्धक होता है, जिसमें भक्ति, समर्पण और मोक्ष का संदेश निहित होता है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि शुकदेव द्वारा भागवत श्रवण से वे मोह-माया से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त हुए। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के बीच निस्वार्थ मित्रता और भक्ति भाव को सर्वोत्तम आदर्श बताया। इस अवसर पर कथा के प्रारंभ एवं समापन पर पीडी बांगड़ व एमडी बांगड़ परिवार ने पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। कार्यक्रम में श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल के अध्यक्ष गोविंद मालपानी, मंत्री पीडी बांगड़, कोषाध्यक्ष सोहनलाल अग्रवाल टुकड़ेवाला सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस कमिश्नर की दक्षिण जिले की समीक्षा बैठक आयोजित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने गुरुवार को आयुक्तालय में दक्षिण जिले की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराध नियंत्रण और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास तथा अपराधियों में भय की भावना सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश, पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि सहित दक्षिण जिले के सभी सहायक पुलिस उपायुक्त उपस्थित रहे। पुलिस कमिश्नर ने महिला अत्याचार, बाल अपराध और एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील प्रकरणों में पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संपत्ति संबंधी अपराधों जैसे चोरी और नकबजनी पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा वांछित और हार्डकोर अपराधियों की धरपकड़ तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही नए आपराधिक कानूनों की प्रभावी पालना और थानों में नियमित प्रशिक्षण पर भी जोर दिया गया। बैठक में लंबे समय से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अनुसंधान में तेजी लाने और विभागीय जांचों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस कमिश्नर ने थानों में दर्ज मामलों की नियमित मॉनिटरिंग राजकॉप ऐप और संबंधित पोर्टल के माध्यम से करने पर बल दिया।

साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा 1930 हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने थाना स्तर पर महिला बीट और युवा सीएलजी सदस्यों का गठन कर जनसहभागिता बढ़ाने तथा बीट पुलिस प्रणाली को और प्रभावी बनाकर आमजन से संवाद मजबूत करने पर भी जोर दिया।

## पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आगाज आज से

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा में पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शुक्रवार से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण महाभियान दो दिन 29 व 30 मई को आयोजित होगा। गोपीनाथ गौशाला के सामने स्थित गोविंदम मैरिज गार्डन में आयोजित प्रशिक्षण महाभियान में दो दिन तक विशेष सत्र आयोजित किये जाएंगे जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देकर प्रशिक्षित करेंगे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने बताया कि पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में प्रथम दिन 29 मई को सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ महाभियान का शुभारंभ होगा। इस दिन पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, आईटी की प्रदेश सहसंयोजक रेणु राठौड़ संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 30 मई को प्रातः ध्यान, योग व व्यायाम होगा। दूसरे दिन 30 मई के सत्रों में प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, प्रदेश प्रवक्ता रमेश नव्वाल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनियां व वर्ग जिला प्रभारी मुकेश गोयल व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान में जिले भर के पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला कार्यकारिणी, मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### तैयारियों का लिया जायजा

गोविंदम मैरिज रिसोर्ट में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान को जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जायजा लिया। जिले के संगठन प्रभारी व पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, प्रशिक्षण प्रभारी मुकेश गोयल, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, डॉ बीएल रणवां, तेजप्रकाश सैनी, प्रभुसिंह सेवद, महेंद्र जोशी, महेश खोखर आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय भजन संध्या और विशाल भंडारा आज से

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** सीतसर बालाजी धाम मन्दिर में हर माह होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के तहत इस माह में भी शुक्ल पक्ष की तेरस और चौदस शुक्रवार और शनिवार को मन्दिर के महंत पुष्कर पारीक के सानिध्य में दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सहित भजन कीर्तन और विशाल भंडारा आयोजित होगा। मन्दिर समिति अध्यक्ष पी एल शर्मा, सचिव सुरेश शर्मा, इंजीनियर रवि पारीक ने संयुक्त रूप से बताया कि सीतसर बालाजी धाम मन्दिर में गत कई वर्षो से हर माह की शुक्ल पक्ष की तेरस और चौदस को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सहित भजन कीर्तन सहित विशाल भंडारा आयोजित होता आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार और शनिवार को भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सहित भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने बताया की मन्दिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रसाद खाने हेतु विशाल भंडारा आयोजित होगा। उन्होंने बताया की उक्त सभी धार्मिक कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त सभी धार्मिक कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए विभिन्न तरह की समितियों का गठन किया गया है जिसमें मुख्य रूप से हरिराम बुडानिया, कैलाश चन्द्र जांगिड़, केशर देवी आचार्य, बंटी कुमार गोलवा, निरंजन शर्मा भूकाना, कैलाश ठेकेदार, विक्रम सिंह बोला, मदन लाल, अंकित शर्मा, राजेश कुमार, मनोज कुमार, विकास पारीक, नीकु पारीक, चीकू पारीक, नरेश पारीक, हिमांशु पारीक, रविन्द्र सिंह कटारिया, बहादुर मल, संजय पंसारी आदि को सम्मिलित किया गया है।

## भागवत कथा में गौ सेवी पदमा राम कुलरिया के परिजनों ने गौ सेवार्थ दिए पांच लाख

निसं




**नोखा (नवयत्न)।** यहाँ चाण्डक भवन में 25 मई से 31 मई तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कान्हा गौ सेवा समिति और अंकेश्वर महादेव शिवालय परिवार के तत्वावधान में आयोजित हो रही सप्तदिवसीय संगीत मयी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरूवार को व्यासपीठ पर विराजित महादेव उपासक विद्वान पंडित महावीर महाराज ने अपनी अमृत मयी मधुर वाणी में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के गजेन्द्र मोक्ष, वामनावतार, अमरीश कथा, रामावतार रामजन्म और कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंगों की कथा सुनाते हुए दर्शक श्रोता भक्तजनों मंत्र मुग्ध कर दिया। गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग पर व्यास ने कहा कि काल नामका मगरमच्छ रहता है लेकिन इसकी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। ऊपर जाने के समय गजेन्द्र की भांति सभी साथ छोड़ देते है कोई साथ नहीं चलता। चलता है तो उसके पाप, पुण्य इसलिए आपको प्रभु भक्ति दान पुण्य करना चाहिए। व्यासजी ने गौ माता की सेवा, प्रभु, दान और तप को बहुत बड़ा पुण्य बताया। वामन अवतार प्रसंग पर व्यास ने कहा कि राजा बलि ने भिखारी के रूप में भगवान विष्णु को 3 कदम भूमि देने के वरदान में मात्र दो कदमों में ही त्रिलोकी दे दी और तीसरे पांव के लिये बलि भगवान से कहा कि है भगवान तीसरे कदम में आप मुझे ले लीजिये तीसरा पैर मेरे सिर पर धारण करें। राजा बलि ने अपने आपको समर्पित कर दिया। जसवन्तगढ़ के झाँकी कलाकार बाबूलाल टेलर द्वारा संजीव झाँकी के रूप में वामन अवतार हुआ साथ में राजा बलि और राजा बलि के गुरु शुक्राचार्य की मनमोहक झाँकी के दर्शन करके दर्शक श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये । इसी दौरान भजन गायक कलाकार ने भजन तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भरदे रे झोली द्वारा मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन ओमप्रकाश-गंगा देवी पारीक और शिवकिशन-निशा झंवर ने व्यासपीठ के सामने प्रथम पंक्ति मुख्य श्रोता के रूप में बैठकर भागवत कथा का रसपान किया। हरीकिशन, शिव-निशा झंवर परिवार द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया गया। झांकी कलाकार द्वारा कथा प्रसंगानुसार सृष्टि की झांकी में भगवान विष्णु, लक्ष्मी, ब्रह्माजी और नारदजी की मनमोहक झांकी के दर्शन करवाये गये। चौथे दिन की कथा में कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी अर्केश्वर महादेव शिवालय के पुजारी व्यवस्थापक लालचन्द उपाध्याय नन्द बाबा के रूप में अपने सिर पर नवजात शिशु को कृष्ण के रूप में लेकर आये तो पूरा हॉल कृष्ण मय हो गया और श्हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की से सरोकार रहा। ?कथा में मूलवास सीलवा निवासी संत स्व पदमाराम कुलरिया के सुपुत्र कानाराम, डॉ शंकरलाल, धर्मचन्द कुलरिया आये और कथा श्रवण की तथा व्यासजी से आशीर्वाद लिया। कुलरिया परिवार ने पदम ग्रुप की ओर से पांच लाख एक हजार एक रूपये की राशि गौ सेवार्थ भेंट की गई। व्यासपीठ द्वारा कुलरिया परिवार सहित कई भामाशाहों का और संस्थाओं व पत्रकारों का सम्मान किया गया।

## महायज्ञ में 11 लाख आहुतियां प्रदान की, भंडारा व पूर्णाहुति आज

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मूंडरू कस्बे के जालपाली धाम में साकेतवासी संत रामलखन दास महाराज की धूणी धाम पर हरिचरण दास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ के आठवें दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुदामाकुटी वृंदावन के अमरदास महाराज, त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज, रविनाथकुंज से भावनाथ महाराज भी महायज्ञ में पहुंचे।

सभी संतों ने प्रधान कुंड पर बैठकर महायज्ञ में आहुतियां प्रदान की। यज्ञ संयोजक सुदर्शन दास महाराज ने संतों को पुष्पमाला व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत महात्माओं ने कहा कि पुरुषोत्तम मास जैसे दिव्य महीने में महायज्ञ विश्व के लिए कल्याणकारी होता है। महायज्ञ में दान का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि दान देने से जन्मांतर के पापों का नाश होता है। महायज्ञ से न केवल वातावरण शुद्ध होता है बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। वैदिक मंत्रोच्चार और आहुतियों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। महायज्ञ में 108 कुंडो पर 260 यजमान रोजाना आहुतियां प्रदान कर रहे है। आठवें दिन 11 लाख आहुतियां यजमानों द्वारा प्रदान की गई। आठवें दिन तक कुल 42 लाख आहुतियां दी जा चुकी है।

### एसडीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

महायज्ञ में श्रीमाधोपुर एसडीएम अनिल कुमार ने महायज्ञ में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम अनिल कुमार के साथ श्रीमाधोपुर सहायक कलेक्टर मुनेश कुमारी भी साथ थी। उन्होंने पार्किंग, यज्ञशाला, भोजन पांडाल सहित कई व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देश भी दिए। सुदर्शन दास महाराज ने एसडीएम अनिल कुमार को बताया कि शाम के समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। जिससे पार्किंग, आवागमन आदि प्रभावित होते है। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की व्यवस्था की जाए। एसडीएम अनिल कुमार ने अतिरिक्त पुलिस जाब्ता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पूर्णाहुति व भंडारा आज

श्रीराम महायज्ञ का समापन शुक्रवार को होगा। महायज्ञ संयोजक सुदर्शन दास महाराज ने बताया कि सुबह 11 बजे पूर्णाहुति होगी। पूर्णाहुति में कई संत महात्मा भाग लेंगे। इसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें करीब 50 गांवों के पचास हजार से ज्यादा श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे।

## वंदे गंगा अभियान के तहत की जल सेवा

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन जागृति अभ्यिान के तहत स्थानीय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय पर प्याउ लगाकर लोगों की जल सेवा की गई और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता सुनील कुमार, कनिष्ठ अभियंता रवि कुमार, फीटर शंकरलाल, श्रवण कमार ने आम लोगों को दिनभर ठण्डा पानी पिलाया और जन सेवा की।

## ज्ञापन : सूरजगढ़ उपखंड के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग को

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** पूर्व भाजयुमो ग्रामीण अध्यक्ष राहुल जैदिया के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान सरकार के माननीय उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन विभाग के प्रभारी डॉ. प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन सौंपकर सूरजगढ़ उपखंड में रोडवेज बस सेवाओं के संचालन की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सूरजगढ़, बुहाना एवं आसपास के दर्जनों गांव वर्तमान में रोडवेज बस सेवा के संचालन से वंचित है जिसके चलते क्षेत्र के व्यापारी वर्ग, किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों, मरीजों एवं नौकरीपेशा लोगों को प्रतिदिन आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि शाम 7 बजे के बाद उपखंड के लिए बस की सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में झुंझुनू से दिल्ली के लिए लगभग 25 से 30 रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है, लेकिन एक भी बस सूरजगढ़ होकर संचालित नहीं की जा रही है, जबकि झुंझुनू-दिल्ली वाया सूरजगढ़ मार्ग एवं अन्य संचालित मार्गों की दूरी में मात्र लगभग 4 किलोमीटर का फर्क है।

### इन प्रमुख रोडवेज रूट शुरू करने की मांग रखी

झुंझुनूं-दिल्ली वाया चिड़ावा-सूरजगढ़-बुहाना-पचेरी-नारनौल। चूरू-दिल्ली वाया सूरजगढ़ दृ बुहाना-नारनौल। लाडनूं-दिल्ली वाया झुंझुनू-सूरजगढ़-बुहाना। झुंझुनू-दिल्ली वाया सूरजगढ़-लोहारू-भिवानी-रोहतक। राजगढ़-खेतड़ी वाया पिलानी-सूरजगढ़-बुहाना-सिंघाना। झुंझुनू-महेंद्रगढ़ वाया चिड़ावा-सूरजगढ़-बुहाना। साथ ही प्रत्येक प्रमुख रूट पर शाम एवं रात्रिकालीन बस सेवा शुरू करने की भी मांग की गई ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर क्षेत्र में व्यापक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा और आमजन का समर्थन प्राप्त कर विभाग को पुनः ज्ञापन सौंपा जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक: ग्रा.प./सा./2026/267-70 दिनांक: 26/05/2026

**सुलभ शौचालय की खुली बोली हेतु निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालासर द्वारा बस डिपो, हनुमानघाटी सार्वजनिक पार्किंग (शमशान घाट के पास) के सामुदायिक शौचालयों को खुली बोली द्वारा किराये पर दिया जाना है। उक्त सामुदायिक शौचालय को 11 माह के लिए (दिनांक 06/06/2026 से 05/05/2027) खुली बोली के जरिए देने का निर्णय ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 26/05/2026 से 03/06/2026 को 11:00 AM तक धरोहर राशि 15,000/- (पन्द्रह हजार रुपये मात्र) जमा करवाकर दिनांक 03/06/2026 को 12:00 AM से 02:00 PM तक आयोजित होने वाली खुली बोली में भाग ले सकता है। प्रपत्र शुल्क 1500/- (एक हजार पांच सौ रुपये मात्र) पृथक से है। उक्त खुली बोली भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में लगाई जायेगी। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर में निर्धारित समयावधि में संपर्क कर सकते हैं। खुली बोली की विस्तृत शर्त व विवरण SPPP पोर्टल पर भी देख सकते हैं।

UBN NO. NIB NO.

प्रशासक
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालासर
प.स. सुजानगढ़ (चूरू)

# गैणाणी में बना जर्जर पंप हाउस बन सकता है खतरे का कारण

# मानसून में कस्बे को उठाना पड़ सकता है भारी खामियाजा

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** मानसून शुरू होने में अब करीब एक माह का समय शेष है लेकिन राजलदेसर कस्बे के बीचों-बीच स्थित गैनाणी में बना पंप हाउस आज भी बदहाल और जर्जर अवस्था में खड़ा है। हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यह पंप हाउस कभी भी धराशायी हो सकता है, जिससे पूरे कस्बे की जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने के साथ बड़ा हादसा भी हो सकता है। विशेष बात यह है कि पूरे कस्बे के बरसाती पानी की निकासी इसी पंप हाउस के माध्यम से होती है।

वर्तमान में यहां 60 एचपी एवं 40 एचपी की मोटर संचालित हो रही है लेकिन जिस भवन में ये मोटरें लगी हुई हैं वह पूरी तरह जर्जर हो चुका है। पंप हाउस में कार्यरत कर्मचारी भी डर के साये में काम करने को मजबूर हैं। बरसात के दौरान पंप हाउस में पानी भर जाने से खतरा और अधिक बढ़ जाता है। करीब तीन वर्ष पूर्व लगभग 8 लाख रुपये की लागत से यहां नया पंप हाउस बनाया गया था लेकिन बिना उचित मापदंडों के बने इस निर्माण का आज तक कोई उपयोग नहीं हो पाया। स्थिति यह है कि उसमें मोटर तक फिट नहीं हो सकती और वह पूरी तरह नकारा साबित हो रहा है। इससे सरकारी धन की बर्बादी साफनजर आती है। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा के कार्यकाल में बना पुराना चैंबर भी अब पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पिछले दो-तीन वर्षों में हुई भारी बारिश के दौरान कस्बेवासियों, व्यापारियों, राजकीय चिकित्सालय आने-जाने वाले लोगों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो पाया। एक वर्ष पूर्व गैनाणी की खुदाई करवाई गई थी लेकिन वर्तमान में वहां चारों ओर कचरा और कीचड़ जमा है।

नालों की सफाई नहीं होने के कारण बरसाती पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। जगह-जगह टूटे चैंबर और जमा कीचड़ के कारण कई लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। गैनाणी में पूर्व में बना रैंप और सुरक्षा दीवार भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है लेकिन संबंधित विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते आज तक उनका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया।

पूर्व जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी, वर्तमान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा एवं पूर्व उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण कर नगर पालिका प्रशासन को आवश्यक निर्देश भी दिए जा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। वर्तमान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर नालों की सफाई, पंप हाउस मरम्मत और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दे चुके हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि संबंधित अधिकारी इन आदेशों की कितनी गंभीरता से पालना करते हैं।

## ढूकिया के नेतृत्व में चन्दवा का किया सम्मान



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ महेन्द्र कुमावत के मार्गदर्शन में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी में महेन्द्र चन्दवा को प्रदेश मंत्री बनाये जाने पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के नेतृत्व में उनके आवास पर साफा, दुपट्टा, गुलदस्ता भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सरपंच सोहनलाल मेघवाल, पूर्व सरपंच सुरेश थाकन, महेन्द्र सिंह गढ़वाल, बीरबल भांबू, प्रवेश सिहाग, प्रदीप गढवाल, मुकेश कुमार कस्वां, सांवरमल कुमावत इत्यादि उपस्थित थे।

## भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने सौंपा पत्र

नवरतन वर्मा




**रतनगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने उपखण्ड अधिकारी के नाम पत्र देकर नगरपालिका द्वारा निकाले गए विकास कार्यों के टेंडरों में धांधली, अनियमितता एवं भ्रष्टाचार पर पाबन्दी लगाकर ठोस कार्यवाही की मांग की। जिसकी प्रतिलिपि निदेशक स्वायत्त शासन विभाग जयपुर, मुख्य अभियंता निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग जयपुर एवं जिला कलक्टर चूरू को प्रेषित की। इंदौरिया ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि नगरपालिका द्वारा आमजन को राहत प्रदान करने हेतु करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों के टेंडर आहूत कर सड़कें, नालियां, फेरोकवर, लोहे के जाल, डिवाइडर, सड़कों के किनारे इंटरलॉक, वर्षा से पूर्व मुख्य गैनानी एवं नालों की सफाई इत्यादि कार्यों को करवाना सुनिश्चित किया। परन्तु दुर्भाग्य की बात रही की पालिका प्रशासन स्वयं अपने ही विभाग के द्वारा दिए गए टेंडरों को खोलने, कार्यादेश देने एवं समयावधि में कार्य को पूरा कराने में विफल रहा है। कई टेंडरों को तो छह माह से एक वर्ष हो चुका है परंतु अभी तक उनका कोई निस्तारण नहीं किया गया, बहुत सारे विकास कार्य तो कागजों में ही पूरे हो जाते है। इंदौरिया ने बताया कि पालिका प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर मन मर्जी से टेंडरों की प्रक्रिया पूरी करता है, जो सर्वथा नियमों के विरुद्ध है। पालिका द्वारा कार्य पहले हो जाते है टेंडर प्रक्रिया बाद में बिना ठेकेदारों के प्रतिस्पर्धा किए चुनिन्दा ठेकेदारों को दे दिया जाता है। शहर के एक ही वार्ड में पीडब्ल्यूडी एवं नगरपालिका द्वारा बनाई गई सड़कों की दरों में रात दिन का फर्क है। नगरपालिका द्वारा सरकार को अनावश्यक आर्थिक भार दिया जाकर नाम मात्र की बिलोव रेट भरी जाती है।

पत्र में आरोप लगाया की राजस्थान के मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस एवं गुणवत्तापूर्ण सड़को के निर्माण के विजन पर नगरपालिका द्वारा ब्रेक लगाया जा रहा है, सड़कों का निर्माण जी शेड्यूल के मुताबिक नहीं हो रहा है। जिससे आने वाले वर्षा के समय में खस्ता हाल होगे। पत्र के माध्यम से शेष टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने एवं बन चुकी सड़कों की गुणवत्ता की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की।

## गैंगरेप पीड़ित छात्रा के परिवार से मिलकर सख्त कार्रवाई करें सीएम : खाचरियावास

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि परिचित के साथ मंदिर गई छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों में राजस्थान को बलात्कार के मामलों में शीर्ष बताया जाना गंभीर चिंता का विषय है। खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को स्वयं पीड़ित छात्रा और उसके परिवार से मिलकर मामले में कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब तक किसी भी बलात्कार पीड़िता या उनके परिवार से नहीं मिले, जिससे सरकार की संवेदनशीलता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और चोरी, लूट, डकैती, चेन स्नैचिंग, किडनैपिंग तथा भू-माफिया से जुड़ी घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आमजन में दहशत का माहौल है। इस बीच खाचरियावास ने मंत्री गौतम दक द्वारा पुलिस कर्मियों के खिलाफ कथित रूप से अभद्र भाषा के उपयोग पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा से सरकार का असली चरित्र सामने आता है और इससे जनता का विश्वास कमजोर होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ से इस प्रकरण पर स्पष्टीकरण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के मंत्री ही इस तरह की भाषा का प्रयोग करेंगे तो आम जनता का प्रशासन और सरकार पर भरोसा प्रभावित होगा।

## 1.10 करोड़ का गबन करने वाला कंपनी का सीनियर अकाउंटेंट गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** सोडाला थाना पुलिस ने जयपुर बायो फर्टिलाइजर्स कंपनी में करोड़ों रुपये के वित्तीय गबन करने वाले कंपनी के सीनियर अकाउंटेंट अभिषेक खंडेलवाल निवासी प्रागपुरा हाल कनकपुरा करधनी को 1.10 करोड़ रुपये से अधिक के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि कंपनी के सीईओ नरेश गुप्ता की शिकायत पर 26 मई 2026 को मामला दर्ज किया गया था कि आरोपी अभिषेक खंडेलवाल अप्रैल 2025 से मई 2026 तक कंपनी में सीनियर अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत था और बैंकिंग लेनदेन व कोटक महिंद्रा बैंक के सीएमएस पोर्टल का संचालन उसके पास था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 25 मई 2026 को ऑडिट के दौरान गड़बड़ी उजागर हुई जिसमें पाया गया कि आरोपी ने बिना अनुमति के करीब 1,03,72,881 रुपये की राशि कंपनी के खाते से विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दी।

## माकपा का 3 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को कामरेड हेतराम बेनीवाल नगर स्थित अंबेडकर भवन में प्रारंभ हुआ। जिला सचिव राजेश बिजारणिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिविर का शुभारंभ पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड अशोक धवले द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के वीर जवानों एवं जन आंदोलनों में शहीद हुए साथियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से महावीर प्रसाद के नेतृत्व में कामरेड अशोक धवले, कामरेड अमराराम, कामरेड विक्रम सिंह, कामरेड किशन पारीक एवं कामरेड फूलचंद बर्बर का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर के प्रथम दिन खुले सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



सत्र को संबोधित करते हुए पोलित ब्यूरो सदस्य एवं सीकर सांसद कामरेड अमराराम ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में जल संकट गहराता जा रहा है, लेकिन यमुना जल समझौते को लागू करने में सरकार विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार.बार नई डीपीआर का हवाला देकर आमजन को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं सामाजिक मुद्दों पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि इन परिस्थितियों में आमजन को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। शिविर के दूसरे सत्र में कामरेड अशोक धवले ने सांप्रदायिक राजनीति और उससे मुकाबले के विषय पर विचार व्यक्त किए। वहीं कामरेड विक्रम सिंह ने जनसंगठनों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए किसानों, श्रमिकों, युवाओं एवं महिलाओं के बीच संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। अंत में स्वागत समिति की ओर से सभी प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। शिविर आगामी दिनों में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सत्रों के साथ जारी रहेगा।

## साइबर अपराध नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल

### पुलिस मुख्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्य में साइबर अपराध नियंत्रण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और राजस्थान साइबर क्राइम एंड ऑपरेशन सेंटर आर4सी की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने ढाई घंटे से अधिक समय तक हेल्पलाइन 1930 के कॉल रिस्पॉन्स सिस्टम, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और जांच की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई लाइव कॉल भी सुने और शिकायत निस्तारण की पूरी प्रक्रिया को समझा। बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने उनका स्वागत किया जबकि एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह ने प्रणाली की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि साइबर हेल्पलाइन 1930 को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा अगले 30 दिनों में विस्तृत पॉलिसी प्लान लागू करने का लक्ष्य तय किया जाए। उन्होंने आर4सी को शीघ्र पूर्ण रूप से क्रियाशील करने और तकनीकी क्षमता व समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें 15 जून तक हेल्पलाइन पर कॉल ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाना, साइबर शिकायत निवारण की मासिक रिपोर्ट जारी करना, साइबर थानों की दैनिक गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से सिस्टम को और प्रभावी बनाना शामिल है। मुख्य सचिव ने कहा कि साइबर अपराध पीड़ितों को त्वरित राहत देने के लिए बैंक खाते ब्लॉक करने की प्रक्रिया का समय कम किया जाएगा। साथ ही 41 साइबर पुलिस स्टेशनों की मासिक समीक्षा और विशेष कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर ए. सावंत, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण व श्रीराम ने अवतार लिया

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में पुरूषोतम मास के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरूवार को कथा वाचक श्रीधाम बरसाना वाले पंडित बिशम्भर दयाल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। पंडित बिशम्भर दयाल महाराज ने कहा कि जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। उन्होंने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें। कथा के दौरान रामकथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन सुन कर श्रद्धांलू खुशी से झूम उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। इस मौके पर मंदिर मंत्री विमल शर्मा, पंडित सुमन तिवाड़ी, आचार्य गोविंद दास महाराज, नरेश, मोनू, बिमला, मीना, मुकेश, बेला जोशी, कृष्णा, लक्ष्मी कुमारी, विष्णू कंवर, अनिता, इंद्रामणी, पार्वती सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का आनंद लिया।



## एक जून से लगेगा सिलाई प्रशिक्षण शिविर

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित मानव सेवा संस्थान में महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन होगा। जिसमें कोई भी महिला एवं छात्रा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगी।

## रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** तहसील के ग्राम रतनादेसर में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि स्वर्गीय भरत सिंह राठौर की स्मृति में भरत मेमोरियल कप रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर अतिथियों द्वारा किया गया व खिलाड़ियों का परिचय लिया। इस अवसर पर अतिथियों का माला व साफा बांधकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने खिलाड़ियों को समय पर एकाग्रता पर फोकस कर खेल को खेल की भावना से खेलने को कहा। भाजपा नेता पवन सिंह कुसुमदेसर ने स्वर्गीय भरत सिंह को याद करते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से आप सभी ने एक बार पुनः भरत सिंह है की यादों को चिरस्थाई कर दिया है। भरत की याद में युवा साथियों से निवेदन किया कि 101 पेड़ लगाए ।

## असिस्टेंट प्रोफेसर राव को मिली पीएचडी की उपाधि

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन राव ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें अंग्रेजी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। सुमन राव ने अपना शोध सुप्रसिद्ध लेखिका अनीता देसाई के उपन्यासों पर केंद्रित रखा। उनके शोध का विषय ए दीप स्टडी ऑफ फेमिनिस्ट अस्पक्ट्स इन सिलेक्टेड नॉवेलस ऑफ अनीता देसाई रहा। महिला दृष्टिकोण और नारीवादी पहलुओं पर आधारित उनके इस शोध कार्य को विश्वविद्यालय द्वारा 20 मई को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की गई।

## सालासर-झुप्पा बॉर्डर फोरलेन पर 190 करोड़ की लागत से बनेंगे 12 नए ओवरब्रिज व अंडरपास

# दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुधारे जायेंगे ब्लैक स्पॉट

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भारत सरकार की डार्क स्पॉट आइडेंटिफिकेशन कमेटी के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों को सुरक्षित बनाने और सडक हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सांसद राहुल कस्वा ने एनएचएआई की टीम और परियोजना निदेशक के साथ क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील पॉइंट और डार्क स्पॉट्स का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान सांसद द्वारा हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, नए फ्लाईओवर और ग्रामीणों की सुविधा के लिए नए कट देने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। सांसद राहुल कस्वा ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व किए गए सर्वे और लगातार किए गए प्रयासों के फलस्वरूप सालासर से लेकर हरियाणा बॉर्डर झुप्पा तक कुल 12 नए फ्लाईओवर/अंडरपास स्वीकृत किए गए हैं। इन सभी के निर्माण पर लगभग 190 करोड़ की लागत आएगी। वर्तमान में इन स्ट्रक्चर्स का काम प्रगति पर है, जिसका अधिकारियों के साथ मिलकर जमीनी रिव्यू किया गया। सांसद ने बताया कि सालासर से झुप्पा बॉर्डर तक फोरलेन का काम तो पूरा हो चुका है, लेकिन सालासर के शुरूआती पॉइंट पर पहले केवल सिंगल फ्लाईओवर ही स्वीकृत था। इसके चलते सालासर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को पुल के नीचे से गुजरते समय भारी असुविधा होती थी और वहां लगातार एक्सीडेंट का खतरा बना रहता था। ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत बोबासर के पास स्थित फ्लाईओवर सेक्शन को फोरलेन करने और उसे री-स्ट्रक्चर करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।



**दुर्घटना क्षेत्रों का सर्वे कर सुधार की मांग**-टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने सुजानगढ़-सालासर रोड पर बोबासर पुलिया के पास सांसद राहुल कस्वां, एनएचआई के अधिकारियो से मुलाकात कर इस क्षेत्र के हाईवे पर हो रही सडक दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्र की सडकों और उनकी तकनीक खामियों के सर्वे कर उनमें सुधार की मांग की। स्वर्णकार ने बोबासर पुलिया, मींगना, लोढसर के बीच, पार्वतीसर पुलिया तथा लाडनूं के करंट बालाजी चौराहा आदि खतरनाक दुर्घटना क्षेत्रों के बारे मे अवगत कराते हुए बताया कि इन क्षेत्रों में सडक हादसों में अनेक लोगों की जाने गयी हैं तथा अनेक लोग घायल हुए है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190